

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 2 सितंबर 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-155 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### होटल में छापेमारी, लाखों की अवैध शराब बरामद

**रायपुर,2सितंबर।** राजधानी के विधानसभा थाना इलाके में पुलिस ने देर रात एक होटल में छापेमार कार्रवाई की है। पुलिस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि होटल में अवैध और चोरी-छिपे तरीके से ग्राहकों को शराब परोसी जा रही है। इसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आज देर रात छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस को होटल से लाखों की अवैध शराब बरामद हुई है। पुलिस ने बिना आबकारी लाइसेंस के चल रहे इस बार पर रेड मारकर अवैध शराब पार्टी पर रोक लगा दी है। मामले की जांच जारी है, और पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि भविष्य में ऐसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

### भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू

**रायपुर, 2 सितम्बर।** भाजपा का सदस्यता अभियान आज से शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ में यह अभियान कल 3 सितम्बर से शुरू होगा। इसके लिए जिला, ब्लॉक एवं बूथ स्तर पर पांच-पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। इसके मुखिया अनुराग सिंहदेव हैं। छत्तीसगढ़ में सदस्यों की संख्या 25 लाख है। इसे बढ़ाकर 50 लाख किए जाने की योजना है।

### आप विधायक अमानतुल्लाह के घर ईडी का छापा

**नई दिल्ली,2 सितंबर।** आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने सोमवार (2 सितंबर) को दावा किया कि ईडी की टीम उनके यहां छापेमारी के लिए पहुंची है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि ईडी के अधिकारी उन्हें गिरफ्तार करने पहुंचे हैं.आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ईडी की रेड का वीडियो शेयर कर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईडी की तानाशाही जारी है.ईडी के सूत्रों ने बताया है कि जब जांच एजेंसी की टीम अमानतुल्लाह खान के घर पहुंची तो उन्होंने दरवाजा नहीं खोला. वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच को लेक रईडी की टीम आप विधायक के यहां पहुंची थी. इस मामले में कई बार ईडी ने अमानतुल्लाह से पूछताछ की है.

### केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की गाड़ी का कटा चालान

**नई दिल्ली,2 सितंबर।** बिहार के हाजीपुर में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की गाड़ी का ट्राफिक नियमों के उल्लंघन करने के कारण चालान कटा है. टोल प्लाजा पर लगे हाईटेक कैमरे में केंद्रीय मंत्री पासवान की गाड़ी ओवर स्पीड करते हुए डिटेक्ट



हुई, जिसकी वजह से उनका 2 हजार रुपए का चालान कटा है. वहीं इसे लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि ये गलत हैज अगर ऐसा हुआ है तो गलत है. ऐसा नहीं होना चाहिए. बिलकुल इसे सुधारा जाएगा और जुर्माना भर दिया जाएगा.दरअसल, बिहार में 18 अगस्त से परिवहन विभाग ने ट्राफिक नियमों का पालन कराने और जुर्माने के लिए ऑटोमेटिक ई-डिटेक्शन सिस्टम शुरू किया है, जिसमें ट्राफिक नियमों को तोड़ने वालों का ऑटोमेटिक चालान कट जाता है. इस नई व्यवस्था में बिहार के कई नेशनल हाईवे में हाई टेक्नोलॉजी वाले कैमरे लगे हुए हैं, जो ह॥ पर गुजरने वाली गाड़ियों के नंबर प्लेट की तस्वीर लेकर गाड़ी की फिटनेस, पॉल्युशन और इंसोरेंश के फेल होने या ओवर स्पीड किये जाने जैसे ट्राफिक नियमों के उल्लंघन करने पर सीधे मालिक के रजिस्टर्ड नंबर पर चालान भेज देता है. इसी ऑटोमेटिक ई-डिटेक्शन से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की गाड़ी का भी चालान कटा है.



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पोरा तिहार पर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



मुख्यमंत्री निवास में तीजा-पोला की धूमः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आमंत्रण पर मुख्यमंत्री निवास पहुंची बहनें लगवा रहीं मेहंदी, पहन रहीं चूड़ियां

## 70 लाख महिलाओं को मिली महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त

■ तरुण छत्तीसगढ़

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तीजा पर दी बड़ी सौगात

**रायपुर 2 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को तीजा के अवसर पर बड़ी सौगात दी है। उन्होंने आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के के मौके पर महतारी वंदन योजना के सातवीं किस्त की राशि के रूप में 01-01 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से महिलाओं के खाते में अंतरित किये। महिलाओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने अपने विष्णु भैया को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि प्रदेश में महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज मे महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ÷महतारी वंदन योजना÷ लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। जिसके अंतर्गत राज्य की विवाहित, विधवा परित्यक्ता और तलाकशुदा जिनकी उम्र 21 वर्ष से अधिक हो ऐसी महिलाओ को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 10 मार्च 2024 को महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बटन दबाकर प्रथम किश्त की राशि जारी की थी।योजना के तहत पहले चरण में करीब 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभार्थी के तौर पर चुना गया है, जिनके बैंक खाते में योजना की 7 किश्ते ट्रांसफर कर दी गई हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव , वन मंत्री श्री केदार कश्यप,खेल मंत्री श्री टंक राम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्व श्री राजेश मूणत,पुरंदर मिश्रा,मोती लाल साहू,इंद्रकुमार साहू,गुरु खुशवंत साहेब ,अनुज शर्मा उपस्थित है।

## जांच पूरी होने तक वैक्सीनेशन बंदः स्वास्थ्य मंत्री

### टीका लगने के बाद दो मासूमों की मौत

**बिलासपुर,2 सितंबर।** कोटा में टीकाकरण के बाद दो मासूमों की मौत मामले की जांच के लिए सरकार ने राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है. रायपुर से 5 सदस्यीय जांच टीम आज बिलासपुर पहुंची है और मामले की तहकीकात में जुटी है. वहीं इस घटना को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने बड़ा निर्णय लिया है. राज्य स्तरीय जांच पूरी होने तक उस बैच की वैक्सीनेशन को बंद करा दिया है. वैक्सीन से मौत मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने तत्काल राज्य स्तरीय टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं. जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक उस बैच के वैक्सीनेशन को रोक दिया गया है. अगर इसमें किसी की लापरवाही सामने आती है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा अंतर्गत ग्राम पंचायत पटैता के कोरी पारा में वैक्सीन लगाने से दो नवजात शिशु की मृत्यु हो गई. दोनों नवजात शिशुओं को पटैता के आंगनबाड़ी केंद्र में 30 अगस्त को टीका लगाया गया था. टीका लगने के बाद 30 अगस्त को एक शिशु की मृत्यु हुई और दूसरे की 31 अगस्त की सुबह मृत्यु हो गई. दोनों नवजात शिशु की मृत्यु हो जाने के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है.



## अफसरों ने राइस मिल में मारा छापा

**रायपुर,2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कोरिया जिले स्थित मेसर्स मंगल राइस मिल में प्रशासनिक टीम ने छापा मारा। छापेमारी की इस कार्रवाई में बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। दरअसल, नवगठित नगर पंचायत पटना के चितमारपारा में संचालित मेसर्स मंगल राइस मिल में प्रशासनिक अधिकारियों ने छापा मारा। इस दौरान जांच में पुलिस के भी होश उड़ गए। मिली जानकारी के मुताबिक, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 3 हजार 895 मैट्रिक धान उठाने के बाद मात्र 29 मैट्रिक चावल जमा किया गया है। भौतिक सत्यापन में राइस मिल में धान-चावल का एक दाना नहीं मिला है। मौके से 2 हजार 607 मीट्रिक टन चावल गायब मिला। यह देख प्रशासनिक टीम के भी होश उड़ गए। कार्रवाई के बाद अधिकारियों ने राइस मिल के संचालक को नोटिस जारी किया है। इसका जवाब संचालक को तीन दिन के अंदर देना होगा। खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने राइस मिल का भौतिक सत्यापन किया। जांच में पाया गया कि राइस मिल संचालक कमला ठाकुर ने एफसीआई और नान से 3895 मैट्रिक टन धान उठाया था। इसके बदले 2 हजार 635.74 मैट्रिक टन चावल जमा किया जाना था। जो कि राइस मिल संचालक ने निर्धारित समयावधि में जमा नहीं कराया है। हालांकि जांच के दौरान मात्र 28.98 मैट्रिक टन चावल जमा पाया गया है। वहीं राइस मिल में धान एवं चावल की शेष मात्रा शून्य पाई गई। छापेमारी कार्रवाई के दौरान राइस मिल संचालक द्वारा प्रशासनिक टीम को स्टाफ मामले में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। साथ ही चावल जमा करने के संबंध में कोई भी प्रासंगिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया।

## शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट शिक्षकों का होगा सम्मान

### वर्ष 2023-24 के लिए 53 शिक्षक चयनित,5 सितम्बर को प्रातः 11 बजे राजभवन के दरबार हॉल में होगा कार्यक्रम

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 सितम्बर।** 5 सितम्बर को राजभवन में शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार से शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका शिक्षकों को नकद एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे।



शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में शिक्षा विभाग के प्राधिकृत मंत्री मुख्यमंत्री हैं। प्रतिवर्ष प्रत्येक जिले से शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। अधिकारियों के अनुसार शिक्षकों का चयन कर लिया गया है। उनके नामों की घोषणा 5 सितम्बर को की जाएगी। इस वर्ष पुरस्कार देने के लिए शिक्षकों का चयन कर लिया गया है। चयनित शिक्षकों 21 हजार रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र एवं शाल व श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। राज्य के दुर्ग जिले की शिक्षिका के. शारदा को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनका सम्मान करेंगी। राज्य में शिक्षकों के सम्मान के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई गई है। इसके तहत चार स्मृति पुरस्कार भी दिए जाते हैं। सुप्रसिद्ध साहित्यकार मुकुटधर पांडेय एवं पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की स्मृति में पुरस्कार दिया जाता है।

राजभवन सूत्रों के अनुसार यह कार्यक्रम दरबार हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, शिक्षा संचालक दिव्या मिश्रा सहित अतिरिक्त शिक्षा संचालक सोम सहित डॉ. शिवहरे उपस्थित रहेंगे। सहायक संचालक प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2023-24 के लिए 53 शिक्षकों का चयन किया गया है। स्मृति पुरस्कार के लिए तत्काल घोषणा मंच से की जाएगी। चयनित शिक्षकों 50 नकद दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए उत्कृष्ट शिक्षकों की घोषणा 5 सितम्बर को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में की जाएगी। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आयोजित किया गया है।

#### विभिन्न सामाजिक संस्थाएं भी करेंगी शिक्षकों का सम्मान

राजधानी की विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा भी शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, श्रीफल एवं साड़ी देकर सम्मानित किया जाएगा। राज्य की निजी शैक्षणिक संस्थाएं एवं रोटरी क्लब के अलावा अन्य संस्थाओं द्वारा भी शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

## आरोपी होने पर ही न करें बुलडोजर वाला ऐक्शन, सुको ने दी नसीहत तो केंद्र सरकार ने दिया जवाब

नई दिल्ली,2 सितंबर। रेप और दंगे जैसे संगीन अपराधों में उत्तर प्रदेश, एमपी जैसे देश के कई राज्यों में बुलडोजर ऐक्शन का प्रचलन बढ़ा है। आरोपियों के अनाधिकृत निर्माणों पर कई बार बुलडोजर ऐक्शन हुए हैं। इस बीच सोमवार को ऐसी कार्रवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने कहा कि किसी का घर सिर्फ इसलिए कैसे ध्वस्त किया जा सकता है क्योंकि वह आरोपी है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति दोषी भी है तो भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना उसके घर को ध्वस्त नहीं किया जा सकता। यही नहीं अदालत ने कहा कि हम चाहते हैं कि इस मामले में एक गाइडलाइन तैयार हो, जिसका पूरे देश में पालन किया जाए। इसके साथ ही बेंच ने केस की अगली सुनवाई 17 सितंबर को करने का फैसला लिया है। बेंच ने कहा कि हम इस मामले में गाइडलाइंस तय करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि हम पूरे देश के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करने का प्रस्ताव करते हैं। बता दें कि मध्य प्रदेश के मोहम्मद हुसैन और राजस्थान के राशिद खान ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि हम सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अवैध निर्माण का समर्थन नहीं करते, लेकिन बिना उचित प्रक्रिया के बुलडोजर की कार्रवाई सही नहीं है। इस पर केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसा नहीं होता कि किसी को सिर्फ आरोपी या दोषी ठहराए जाने पर ही निर्माण गिरा दिया जाए। मेहता ने कहा कि ऐसा तभी होता है, जब निर्माण अवैध हो। इसलिए जरूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए ही ऐक्शन लिया जाता है।

## 8 महीने में हुई 600 रेप की घटनाएं : कांग्रेस

**रायपुर,2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और भिलाई शहर में हुए दुष्कर्म मामले को लेकर कांग्रेस प्रदेश की बीजेपी सरकार पर हमलावर है। इसी कड़ी में सोमवार को महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर राजीव भवन में सुप्रिया श्रीनेत और पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार को घेरने की कोशिश की है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने साय सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि, देश में आधी आबादी में महिलाओं के लिए जगह नहीं बची है। छत्तीसगढ़ भी महिलाओं के लिए असुरक्षा से अछूता नहीं है। यहां तक कि, राजधानी रायपुर और भिलाई में दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं। यहीं नहीं बल्कि, प्रदेश के कई शहरों में इसी तरह के मामले सामने आए हैं। लेकिन सरकार दुराचारी को बचाने में जुट जाती



है। आखिरकार सरकारें क्यों दुराचारियों के साथ खड़ी होती है। आरोपियों को संरक्षण देने का काम किया जाता है और पीड़ित महिला को दर- दर भटकना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि, छत्तीसगढ़ में पिछले 8 माह में 600 से अधिक रेप हुए हैं। जिनमें से 3000 अपराध महिलाओं के खिलाफ हुए. महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार हो रहे हैं। लेकिन सरकार इन मामलों में पर्दा डालने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है। आधी आबादी के साथ दुष्कर्म पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

रायपुर नया बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है। दूसरे दिन रिपोर्ट लिखा गया उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। बलात्कार का रिपोर्ट लिखा गया, यहां भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने में लगी है। रोज-रोज प्रदेश में कहीं न कहीं सामूहिक बलात्कार की घटना हो रही है। महिलायें खुले में बाहर निकलने में भयभीत हो रही है। बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर से लेकर राजधानी रायपुर में भी महिलायें खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि सरकार जिसे इन मामलों को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करवाना चाहिये, वह बलात्कार जैसी घटनाओं को भी छुपाने और अपराधियों को बचाने का काम कर रही है।

## राजधानी में गांजे के कारोबार के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा, थाने का किया घेराव

**रायपुर,2 सितंबर।** राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती क्षेत्र में वर्षों से चल रहे गांजे के अवैध कारोबार के खिलाफ अब लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है. इलाके में लगातार बढ़ रही लूटपाट और मारपीट की घटनाओं से परेशान सैकड़ों स्थानीय निवासियों ने देर रात पुरानी बस्ती थाने का घेराव कर दिया. इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि पुलिस इन अवैध गतिविधियों को संरक्षण दे रही है. मोहल्ले के निवासियों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते



अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं, जिससे आए दिन यहां की शांति भंग हो रही है. हाल ही में एक युवा व्यवसायी के साथ मारपीट और लूटपाट की घटना ने इस गुस्से को और भड़का दिया. हमलावरों ने न सिर्फ व्यवसायी की गाड़ी में तोड़फोड़ की,बल्कि उसकी हाथ की हड्डी भी तोड़ दी. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल हो सके.

## राहुल गांधी ने बस में किया सफर

**नई दिल्ली,2 सितंबर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कर्मचारियों के सामने आने वाली चुनौतियों



की ओर ध्यान दिलाया। गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि रोजाना लाखों यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार लोगों को बदले में अन्याय के अलावा कुछ नहीं मिला है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि कुछ दिनों पहले दिल्ली में एक सुखद बस यात्रा के अनुभव के साथ DTC कर्मचारियों से संवाद कर उनके दिनचर्या और समस्याओं की जानकारी ली। न सामाजिक सुरक्षा, न स्थिर आय और न की स्थाई नौकरी - संविदात्मक मजदूरी ने एक बड़ी ज़िम्मेदारी के काम को मजबूरी के मुकाम पर पहुंचा दिया है। राहुल गांधी ने लिखा कि जहां ड्राइवर और कंडक्टर अनिश्चितताओं के अंधेरों में जीने पर विवश हैं, वहीं यात्रियों की सुरक्षा में निरंतर तैनात होमगार्ड्स 6 महीनों से वेतनहीन हैं। इस उपेक्षा से त्रस्त, देश भर के सरकारी कर्मचारियों की तरह छ्ङ्मष्ट वर्कर्स भी लगातार निजीकरण के डर के साए में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये वो लोग हैं जो भारत को चलाते हैं, प्रतिदिन लाखों यात्रियों के सफर को सुगम बनाते हैं - मगर समर्पण के बदले उन्हें कुछ मिला है तो सिर्फ अन्याय। मांगें स्पष्ट हैं - समान काम, समान वेतन, पूरा न्याय! वो भारी मन और दुखी दिल से सरकार से पूछ रहे हैं,हम नागरिक पक्के तो नौकरी कच्ची क्यों! वीडियो में, गांधी एक ड्राइवर के साथ उबर की सवारी करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## आश्रम में अज्ञात बीमारी से एक बच्ची की मौत

**जगदलपुर,2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के एक बालिका आश्रम में रविवार को अज्ञात बीमारी की चपेट में आने से एक 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई. वहीं इस अज्ञात बीमारी से प्रभावित 8 से 10 अन्य बच्चियों को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. अज्ञात बीमारी से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसी ट्राइबल अधिकारी गणेश सोरी ने बताया कि बस्तर जिले के ग्राम कोलावल में स्थित बालिका आश्रम में पढ़ने वाले कुछ बच्चों ने आश्रम अधीक्षिका दुलारी से दो दिनों से तेज



बुखार और सिर दर्द होने की शिकायत की थी. शिकायत मिलने के बाद आश्रम अधीक्षिका पीड़ित बच्चों को गांव में ही स्थित आयुष केंद्र लेकर पहुंची. प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी पीड़ित बच्चों को सामान्य बीमारी बताते हुए उन्हें दवाईयां देकर वापस आश्रम भेज दिया गया. फिर रविवार की शाम अचानक 8 से 10 बच्चे ज्यादा बीमार हो गए. इसी दौरान इस अज्ञात बीमारी की वजह से आश्रम में पढ़ने वाली 10 वर्षीया एक बच्ची की मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए. इसके बाद पीड़ित बच्चों को तत्काल ही सीएचसी बकावंड पहुंचाया गया. यहां पीड़ित बच्चों का सभी तरह के टेस्ट लिए गए. सभी बच्चों के टेस्ट रिपोर्ट नार्मल बताए गए. लेकिन अन्य टेस्ट और बेहतर इलाज के लिए सभी बच्चों को फिलहाल डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. जहां उनका इलाज जारी है. इसके साथ ही मामले को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सक सभी बच्चों की हालत पर अपनी नजर बनाए हुए है.

# युवा कांग्रेस ने प्रदेश भर में निकाली मशाल रैली,अन्याय के खिलाफ उठाई आवाज

**भिलाई,2 सितंबर।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के समर्थन में रविवार को युवा कांग्रेस ने मशाल रैली निकाली. विधायक के गिरफ्तारी के बाद प्रदेश भर में भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन चल रहे है ।।

सिविक सेंटर में आयोजित मसाल रैली में युवा कांग्रेस एनएसयूआई के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए. हाथ में मशाल लेकर नारेबाजी करते हुए सिविक सेंटर पहुचे.

जहां सभी ने घंटे तक नारेबाजी की और भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के समर्थन में आवाज़ उठाई। कांग्रेसियों का कहना है कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए गलत के साथ दे रही है और सच को दबाने की कोशिश में लगी हुई है. अपनी झूठी शान के लिए भाजपा के सरकार ने अंग्रेजो की तरह बलौदा बाजार मामले में निर्दोष मासूम सतनामी समाज के लोगों के साथ बड़ा बुरा बर्ताव और घिनौनी हरकत की है. प्रदेश में न्याय व्यवस्था बनाने के लिए शहीद भगत सिंह की तरह प्रदेश में एक नई क्रांति लाने वाले और मासूम निर्दोष लोगों की आवाज बनने वाले विधायक देवेंद्र यादव को भी इस भाजपा सरकार



में जेल में बंद कर दिया है. मानो प्रदेश में कहीं कोई कानून व्यवस्था नाम की चीज ना हो और अंग्रेजों की तरह शासन चला रहे. लेकिन मासूमों पर जुल्म ढाने वाले इन भाजपा सरकार के कटपुतली पुलिस युवा आवाज़ को दबा नहीं पाई है और जेल की चार दीवारी इस क्रांति को रोक नहीं पाई है. इसी का परिणाम है की अब यह क्रांति पूरे प्रदेश भर में आग की तरह फैल रही है। इसी के चले रविवार को पूरे प्रदेश भर में युवा कांग्रेसी, एनएसयूआई युवाओ ने जगह जगह मशाल रैली निकली है. जिससे पूरा भाजपा सरकार अंदर से हिल चूका है. अब भाजपा गौरमेंट कांपने लगी है.

आपको बता दें कि बलौदा बाजार मामले में पुलिस ने भिलाई के युवा विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया है. लेकिन आज तक यह साबित नहीं कर पाई है कि वह दोषी है. दुष्ट बहुत दूर की बात है पुलिस और पूरी भाजपा सरकार आज तक उनके खिलाफ एक सबूत तक जूता नहीं पाई है. इसके बाद भी बुराई नगर विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने जबरदस्ती जेल में बंद करके रखा है. जिससे प्रदेश के युवाओं में आक्रोश फैला जा रहा है. युवाओ का यह आक्रोश अब क्रांति का रूप ले चुका है.कार्यक्रम में प्रदेश सचिव जुल्फिकार अहमद कार्यकारी अध्यक्ष इमामुद्दीन खान एवं सैकड़ो युवा कांग्रेस के साथी

## एक नजर

### मैनेजर पर हमला, 3 गिरफ्तार



**भिलाई, 2 सितंबर।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र प्रीमियम शराब दुकान के मैनेजर पर चाकू से हमला करने वाला सुपारी किलर निकला। आरोपियों ने दो दिन रेकी करने के बाद तीसरे दिन वारदात को अंजाम देकर भाग गए थे सुपेला पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि उमेश कुमार वर्मा आकाशगंगा सुपेला स्थित प्रीमियम शराब दुकान का मैनेजर है वह कृष्णा नगर सुपेला में रहता है। उसने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 5 अगस्त की रात 10 बजे दुकान बंद कर उसने कैश मिलान किया उसके बाद देर रात करीब एक बजे अपनी बाइक से घर जाने के लिए निकला था जैसे ही वह गणेश मार्केट के पहुंचा तीन लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया गाड़ी रोकते ही उन लोगों ने उससे गाली गलौज शुरू कर दी जब उमेश ने उनका विरोध किया तो उन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद एक लड़के ने चाकू निकालकर उसके पेट में वार कर दिया घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से भाग गए थे विवेचना के दौरान मुखबीर की सूचना पर नरेन्द्र सोनी ;35 वर्षद्ध निवासी पंचशील नगर दुर्गए राज मानिकपुरी उर्फराजा ;19 वर्षद्ध निवासी गया नगर दुर्ग तथा शैलेष सिन्हा उर्फसर्किट ;30 वर्षद्ध गया नगर दुर्ग को पकड़कर पूछताछ की गई आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया वहीं घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद की गई पकड़े गये आरोपियो से पूछताछ करने पर बताया कि राजनांदगांव निवासी अश्वनी वर्मा उर्फ आशु ने सुपेला स्थित अंग्रेजी शराब भट्टी के मैनेजर उमेश कुमार वर्मा को चाकू से मारने के एवज में 50 हजार रुपए आरोपियों को देने की बात की इसके बाद तीनों आरोपियों ने चाकू मारने के पहले दो दिन रेकी किये तथा तीसरे दिन मौका मिलने पर चाकू मारकर फरार हो गये थे वादा के मुताबिक चाकू मारने के पश्चात 30 हजार रुपए अश्वनी ने दिया था।भिलाई ड्यूटी से घर रिसाली लौट रहे एक युवक से कुम्हारी में तीन बदमाशों ने लूटपाट की पीड़ित रास्ते में रुककर बाथरूम कर रहा था इसी दौरान तीनों आरोपित वहां पहुंचे और मारपीट करने लगे जान बचाने के लिए पीड़ित पास के पेट्रोल पंप की तरफ भागा तो आरोपित भी उसका पीछा करते हुए वहां पहुंचे और पर्स छीनकर उसमें से पांच हजार रुपये लूटकर फरार हो गए शिकायत पर कुम्हारी पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर उनकी पतासाजी शुरू की है पुलिस ने बताया कि रिसाली निवासी आलोक कुमार तिवारी समता कालोनी रायपुर की एक कंपनी में काम करता है वह 27 अगस्त को ड्यूटी खत्म कर बाइक से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में वह रात करीब पौने आठ बजे कुम्हारी टोल प्लाजा के आगे इंडियन आयल पेट्रोल पंप के पास रुका और बाथरूम करने लगा। इसी दौरान वहां से पैदल जा रहे तीन बदमाशों ने उसे रोका और उससे मारपीट शुरू कर दी। खुद को बचाने के लिए पीड़ित पास के पेट्रोल पंप की ओर भागा तो वहां पर भी उससे मारपीट की गई। इसी दौरान पीड़ित का पर्स और मोबाइल गिर गया। आरोपितों ने पर्स में रखे पांच हजार रुपये निकाले और भाग गए पीड़ित ने कुम्हारी थाने जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई ।

### स्वच्छता दीदीयां घर-घर जाकर महिलाओं को स्वच्छता का महत्व बताएंगी

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश के परिपालन और निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा निगम कार्यलय के मोतीलाल वोरा सभागार में स्वच्छता 2024 को लेकर आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सफाई और स्वच्छता से संबंधित बिंदुओं पर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश उपस्थित स्वच्छता निरीक्षक,सफाई दरोगा एवं सुपर वाइजरो को दिये। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा सयुंक्त रूप से स्वच्छता और सफाई की उत्कृष्टता के लिए स्वच्छ भारत अभियान को एक मिशन के तौर पर चलाया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम शहर के वार्डो के मोहल्ले में जाकर धरातल पर सफाई व्यवस्था की स्थिति को परखेगी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 नगर निगम की रैंकिंग बढ़ाने के लिए अधिकारियों ने कमर कस ली है।बैठक में उन्होंने खुले में कचरा फेंकने वालों और नाली में कचरा डालकर उसे जाम करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षकों एवं सफाई दरोगा को दिये। साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथिन-प्लास्टिक का उपयोग करने वालो पर चालानी कार्रवाई करने के साथ येलो स्पाट और रेड स्पाट का चिन्हांकन कर उचित कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। शहर की बस्तियों में स्वच्छता दीदीयां घर-घर जाकर महिलाओं को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की जानकारी देंगी. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों एवं स्वच्छता जनजागरूकता के संबंध में बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारों धर्मेंद्र मिश्रा ने बैठक लेते हुए कहा कि स्वच्छता दीदीयां शहर के वार्डो एवं कालोनियों में घर-घर जाकर महिलाओं से संपर्क कर उन्हें राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के मानको की जानकारी देंगी और जागरूक बनायेंगी ताकि महिलाओं सहित आमजनों की सहभागिता से दुर्ग शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में श्रेष्ठ स्वच्छता रैंकिंग प्राप्त हो सके। स्वास्थ्य विभाग टीम एवं स्वच्छता दीदीयां महिलाओं को स्वच्छ सर्वेक्षण फीडबैक के संबंध में जानकारी देकर अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को शहर हित में स्वच्छ सर्वेक्षण फीडबैक देने जागरूक बनायेंगी। साथ ही स्वच्छता दीदीयां शहर हित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु महिलाओं को जीवन में स्वच्छता के महत्व से अवगत करायेंगी एवं उन्हें खुले में शौच नहीं करने, शौचालय का उपयोग कर स्वच्छता बनाये रखने, दैनिक जीवन में पॉलीथीन का उपयोग न कर उसके स्थान पर कपड़े जूट आदि के बैग का उपयोग करने, घरों एवं दुकानों में कचरा पृथक-पृथक डस्टबीन में सूखा व गीला कचरा रखकर प्रतिदिन नियमित निगम के सफाई मित्र को देने, अपने घरो एवं आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने एवं गंदगी व कचरा दिखने पर इसकी जानकारी संबंधित जोन में देने, मानसून के दौरान जीवन में स्वस्थ रहने सुपाच्य एवं गरम खाद्य सामग्रियां ग्रहण करने सहित स्वच्छता को लेकर नगर हित में सभी को जागरूक बनाने अभियान नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जायेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर रिसाली निगम के कर्मियों ने रैली निकाल दिया साक्षरता का संदेश



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर रिसाली निगम के कर्मियों ने उल्लास के साथ रैली निकाली। साक्षर होने के संदेश को जन जन तक पहुंचाया। आयुक्त मोनिका वर्मा और डॉ. पुष्पा पुरुषोत्तमन जिला नोडल अधिकारी साक्षरता कार्यक्रम ने रैली को मरोदा चौपाटी के निकट झंडी दिखाई। रैली में लगभग 200 अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। अधिकारी कर्मचारियों का काफिला आधा किलोमीटर का था। यही वजह है कि रैली को देखने स्लम क्षेत्र मरोदा में भीड़ एकत्र हो गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश और जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में निकली रैली के पहले क्रम में लगभग 50 महिलाएं पैदल मार्च कर रही थी। वही 50 से अधिक बाइक में रिसाली के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। इसके अलावा काफिला में जन स्वास्थ्य विभाग के 70 वाहनों को शामिल किया गया था। इस अवसर पर अमित घोष सहायक संचालक, तनवीर अकिल जिला क्रीड़ा अधिकारी, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, अखिलेश गुप्ता, नितीश अमन साहू , चंद्र पाल हरमुख आदि उपस्थित थे। 00 साक्षर बनाना उद्देश्य प्रदेश में 1 से 8 सितंबर तक अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाना और जिले के असाक्षर साथियों को साक्षर कर उन्हें डिजिटल युग के लिए सुदृढ़ बनाना है। 00हर दिन अलग अलग आयोजन साक्षरता सप्ताह में जन-जन में साक्षरता की अलख जगाने के लिए प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है ।उसी क्रम में आज स्वच्छता मितान और निगम कर्मचारियों ने साथ मिलकर वाहन रैली निकालकर साक्षरता सप्ताह के प्रथम दिवस का आगाज किया। रैली श्रमिक बाहुल्य बस्तियों के विभिन्न वार्डों में निकाली गई ।

## पुलिस अधीक्षक ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों की क्लास लगाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 2 सितंबर।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने सड़क पर उतरकर देर रात घूमने वाले लोगों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की क्लास लगाई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं कवर्धा शहर के सिग्नल चौक में रात घूमने वाले लोगों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जाँच किया गया। जाँच के दौरान लगभग 30 लोग शराब पीकर वाहन चलाते पाया गया। इन सभी वाहन चालको के खिलाफ़ नियमानुसार कार्यवाही किया गया। इसके साथ ही गस्त के दौरान लालपुर रोड में देर रात तक घूमने वाले के खिलाफ़ भी कार्यवाही किया गया। कार्यवाही के दौरान डीएसपी श्री सिद्धार्थ चौहान, यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो, कोतवाली प्रभारी लालजी सिन्हा, निरीक्षक नितिन तिवारी सहित पुलिस के अधिकारी जवान उपस्थित थे। ज़िले में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर लगातार कबीरधाम पुलिस द्वारा कार्रवाई किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस द्वारा सार्वजनिक जगहों पर बैठकर शराब पीने वाले, नशे में गाड़ी चलाने वाले और देर रात तक शहर में घूमने वालों के ऊपर कार्रवाई किया जा रहा हैं। कबीरधाम पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सभी थाना की पुलिस ने आउटर एरिया में आवारा लोगों की क्लास लगाई है। पुलिस ने ऐसे लोगों से इस तरह की गलतियों पर सार्वजनिक उठक बैठक कराकर छोड़ दिया है।कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार, श्री पुष्पेन्द्र बघेल के मार्गदर्शन पर जिले के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने सघन अभियान चलाते हुए शराबियों के ठिकाने में कार्रवाई की है। सार्वजनिक जगहों पर बैठकर शराब पीने वाले और शराब पीकर हुड़दंग करने वालों की क्लास लागते हुए उन्हें उठक बैठक कराई है। शहर के आउटर में देर रात तक घूमने वालों की खुद सड़क पर उतर कर एसपी अभिषेक पल्लव क्लास लगाई है।

## पुलिस की सक्रियता से दस जुआरी पकड़ाए



**कवर्धा, 2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अपराधिक गतिविधियो एवं अवैध कार्यो पर अंकुश लगाने श्रीमान पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशानुसार,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार(भा.पु.से.),अति.पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राईम) प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिला में पुलिस विभाग और ेसाइबर सेल की सक्रियता के कारण जुआरी .सोहन साहू पिता रामदयाल साहू उम्र 28 वर्ष ग्राम कापा थाना कवर्धा , . दूजराम पटेल पिता टिहरी पटेल 36 वर्ष ग्राम लालपुर , रामावतार साहू पिता गुहरा राम साहू उम्र 32 वर्ष ग्राम कापा , फूलकेंदा साहू पिता कुंज राम साहू उम्र 40 वर्ष ग्राम कापा , रामकुमार साहू पिता खेमू राम साहू उम्र 48 वर्ष ग्राम कापा , लोकचंद साहू पिता दयाराम साहू उम्र 40 वर्ष ग्राम कापा , . संतोष साहू पिता दुकालू साहू उम्र 45 वर्ष ग्राम कापा , मुकेश कुमार साहू पिता राधेश्याम साहू उम्र 45 वर्ष ग्राम कापा , लीलाराम साहू पिता राम जी साहू उम्र 32 वर्ष ग्राम कापा ,शेखू राम साहू पिता सेवक राम साहू उम्र 34 वर्ष ग्राम कापा पकड़ाए ।

## मोबाइल रिचार्ज महंगा होने से बिजनेसमैन भी चिंतित







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 2 सितंबर।** कबीरधाम जिले में स्टूडेंट मोबाइल रिचार्ज महंगा होने से चिंतित दिख रहे थे लेकिन बिजनेसमैन संजय जायसवाल और बिजनेसमैन चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने कहा की मोबाइल रिचार्ज महंगा होने से घर का बजट भी प्रभावित हो रहा है । भोरमदेव शक्कर कारखाना के पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ने कहा की मोबाइल बच्चो की पढ़ाई के लिए जरूरी और परिवार के लिए बहुत जरूरी बन गया है लेकिन मोबाइल रिचार्ज बहुत महंगा करना समझ से परे है और सरकार को ऐसी नीति बनानी चाहिए की मोबाइल रिचार्ज कम दरों पर हो ।

## वार्ड में हरियाली के लिए लोगों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए,संरक्षण की शपथ ली

**भिलाई।** पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अंतर्गत 01 सितम्बर को वार्ड 7 के रहवासियों ने अपने वार्ड मे वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम को एक त्यौहार की तरह धूम-धाम से मिलकर पेड़ लगाकर मनाया और साथी ही सभी ने शपथ लिया की वृक्षारोपण के महत्व के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे मे जागरूकता बढ़ाने का कार्य एक अभियान की तरह जारी रखेंगे। वार्ड मे वृक्षारोपण अभियान के परिणामस्वरुप विविध प्रजातियों के सैकड़ो पौधे रोपे गए, जिससे पुरे वार्ड मे हरित आवरण को बढ़ाने मे योगदान मिलेगा। यह वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम वार्ड के सम्मानित साथी शिसीर गुरु जी और समाजसेवी मुजीबुर्रहमान खान के मार्गदर्शन मे किया गया। मोहम्मद सादाब ने बताया की अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देना है नवीन जी ने पौधारोपण करके उसे विकसित करना और वृक्ष बनाना यही हमारा संकल्प है। इस अभियान के मुख्य साहियोगी के तौर पर आर्ट कॉम की टीम ने वृक्षारोपण का महत्व समझाया तथा निवासियों को वृक्षारोपण प्रयासों मे भाग लेने और उनका समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित किया और अपने साथ लाये उपकरण के माध्यम से इस कार्यक्रम के आगाज़ हुआ रहवासियों ने बढ़चढ़ कर वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम मे भाग लिया। समाजसेवी व वार्ड के रहवासी रमेश श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम पौधारोपण कर कहा प्रकति मे संतुलन बनाये रखने व अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाना अनिवार्य है । कार्यक्रम मे वार्ड के विभिन्न मोहल्लो की समितियों ने भाग लिया सभी समिति के पदाधिकारियों जैसे उल्लास नगर की समिति के अध्यक्ष अशोक मेश्राम, महासचिव-अब्दुल रब, दुर्गा नगर विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश गजभिये , उपाध्यक्ष- उर्मिला शर्मा, सय्यद अली ने कार्यक्रम को महासफल बनाने मे अहम् भूमिका निभाई। वृक्षरोपण अभियान कार्यक्रम मे मुख्य रूप से शिसीर गुरु,वदूद आलम, मो.अकील, रज़ा सिद्दीकी, मुजीबुर्रहमान खान, रहमान साहब, अशोक कुमार मैश्राम, ज़ाकिर साहब, शादाब खान, सुरेश गजभिये, शकील भाई, मुज़ीब भाई फारूख खान शुभेन्द्र त्रिपाठी सुशील देवांगन,अब्दुल रब, सय्यद साहब,माबूद आलम, विजय खोब्रागदे, मनोज प्रत्या एडवोकेट इनाम साहब, शर्मा मेम उपस्थित थे।

## वाहन में अवैध शराब ले जा रहे थे तस्कर,पुलिस ने पकड़ा



कवर्धा... जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा नशे के रोकथाम तथा सभी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार , अतरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल अनुविभागीय अधिकारी संजय तिवारी के मार्गदर्शन में पोड़ी पुलिस टीम की कार्यवाही दिनांक 31/08/24/ को मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया की मध्यप्रदेश बालाघाट का रियाज शाह जो पशु तस्करी करता है पशु व्यापारियों से मीटिंग करने बोडला दामापुर की तरफ जा रहा है तथा अपने ड्डश्वद्यद्गह्म्श वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब ले जा रहा है की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पोड़ी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते दूसरे राज्य से शराब तस्करी करते आरोपी मोहसिन अली पिता मोहम्मद अली उम्र 32 वर्ष वार्ड नंबर 10 राजा नगर बालाघाट मध्य प्रदेश रियाद शाह पिता शहंशाह राजा नगर बालाघाट मध्य प्रदेश मेला राम मंगेशकर पिता महत्व मंगेशकर 55 साल ग्राम महा मड़वा थाना कुंडा कमल नारायण मंगेशकर पिता ज्ञानचंद मंगेशकर उम्र 40 साल ग्राम मौहा मड़ुआ के कब्जे से चार पेटी 200 नग अंग्रेजी गोवा शराब तथा एक नग बोलेरो वाहन स्ध्ब्न 50 ष्ट 9075 को बरामद कर जप्त किया है तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध चौकी पौड़ी में अपराध क्रमांक193 /24 धारा 34( 2 )आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

### सुपेला आकाशगंगा मार्केट से बाइक पार

**भिलाई।** शहर में दिन दहाड़े चोरी की वारदातों में बढ़ोत्तरी होने लगी है। बाजार क्षेत्रों में पार्किंग एरिया में वाहनों को चुराना चोरों के लिए आसान हो गया है। सुपेला आकाश गंगा क्षेत्र के पार्किंग से पिछले दिनों एक मोटरसाइकिल चोरी हुई जिसका वीडियो सामने आया है। शातिर बड़ी ही चालाकी से बाइक पर बैठता है और आराम से मोटरसाइकिल चुराकर भाग जाता है। इस मामले में प्रार्थी ने सुपेला थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है।

## अंचल में पोरा पर्व की रही धूम,बच्चों ने दौड़ाए मिट्टी के नांदिया बैल



**भखारा, 2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा व आस्था का महापर्व पोला अंवरी सहित अंचल के गाँव अंवरी,भैसबोड़,जोरातराई, कुम्हारी,सेमरा,सुपेला,सिलतरा, बंगोली,बंजारी,सिंगदेही,भेड़सर, सिरवे,पुरेना,कोलियारी,नवागांव, थूहा,भखारा,भठेली,कोसमर्रा, सिहाद,भेंडरवानी,देवरी में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।लोक संस्कृति के इस महाउत्सव में दिन-भर हर्सोल्लास का वातावरण बना रहा। घरों में विधिवत मिट्टी के बैलों व खिलौनों को सजाकर उसकी पूरी सादगी के साथ पूजा अर्चना कर चीला रोटी व प्रसाद का भोग लगाया गया।तदुपरांत छोटे-छोटे बच्चों ने मिट्टी के नांदिया बैल की जोड़ियों को दौड़ाते हुए पर्व का उल्लास बिखेरा।इसी तरह पशुधनो की पूजा अर्चना की गई व उन्हे आस्था व भक्ति के साथ जनकल्याण की कामना की अर्जी लगाई गई।बैलों को आकर्षक ढंग से सजाकर पर्व की रौनकता में चार-चांद लगाया गया।थानेश्वर साहू अंवरी एवं दिग्विजय साहू सुपेला निवासी ने बताया की पोला मूलत- खेती-किसानी से जुड़ा त्योहार है। भाद्रपद कृष्ण अमावस्या को यह पर्व विशेषकर छत्तीसगढ़ में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। पोला त्योहार मनाने के पीछे यह कहावत है कि अगस्त माह में खेती-किसान?ी काम समाप्त होने के बाद इसी दिन अन्नमाता गर्भ धारण करती है यानी धान के पौधों में इस दिन दूध भरता है इसीलिए यह त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार पुरुषों,स्त्रियों एवं बच्चों के लिए अलग-अलग महत्व रखता है, इस दिन पशुधन (बैलों) को सजाकर उनकी पूजा करते हैं। स्त्रियां इस त्योहार के वक्त अपने मायके जाती हैं। छोटे बच्चे मिट्टी के बैलों की पूजा करते हैं। पिठोरी अमावस्या पर पोला पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन अपने पुत्रों की दीर्घायु के लिए चौसष्ठ योगिनी और पशुधन का पूजन किया जाता है। इस अवसर पर जहां घरों में बैलों की पूजा होती है, वहीं लोग पकवानों का लुत्फ भी उठाते हैं। इसके साथ ही इस दिन %बैल सजाओ प्रतियोगिता% का आयोजन किया जाता है। पोला पर्व पर शहर से लेकर गांव तक धूम रहती है। जगह-जगह बैलों की पूजा-अर्चना होती है। गांव के किसान भाई सुबह से ही बैलों को नहला-धुलाकर सजाते हैं, फिर हर घर में उनकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद घरों में बने पकवान भी बैलों को खिलाए जाते हैं।बैल किसानों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। किसान बैलों को देवतुल्य मानकर उसकी पूजा-अर्चना करते हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आतिथ्य में 4 को होगा तीज मिलन समारोह

**दुर्ग।** आगामी 4 सितंबर बुधवार को मालवीय नगर स्थित खालसा स्कूल में पूर्वान्ह 11 बजे तीज मिलन उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। निगम महापौर धीरज बाकलीवाल सभापति राजेश यादव महिला बाल विकास प्रभारी जमुना साहू समस्त कांग्रेस पार्षद छाया पार्षद व शहर कांग्रेस महिला कांग्रेस के संगठन के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल होंगे।



### अंचल के गांवों में बड़ी धूमधाम से मनाया गया पोला पर्व

**उतई।** मिट्टी के बैल नंदी की पूजा अर्चना कर नारियल, चीला गुलगुल भजिया पूड़ी गुड की भोग लगा कर पूजा अर्चना करता खोपली के किसान परिवार

### 'शोक सूचना'



**उतई।** गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री देवीलाल साहू जी के ज्येष्ठ सुपुत्र प्रिय यशवंत साहू जी का दिनांक 1 सितम्बर 2024 दिन रविवार को शाम को निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार कल दिनांक 2 सितम्बर 2024 दिन सोमवार को सुबह 11 बजे उनके गृहग्राम हनोदा ;दुर्गद्ध के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## एक नजर

### अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव 2 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके तहत दिनांक 31.08.2024 एवं 01.09.2024 को दो दिनों में थाना छुरिया पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 86 पौवा देशी दारू महाराष्ट्र निर्मित कीमती 6020/-रूपये एवं परिहवन मे प्रयुक्त वाहन आईसर सीजी 08-बीए-5297 कीमती 2600000/-रूपये जप्त। थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34(1) के 02 प्रकरण में 40 पौवा देशी दारू संत्री महाराष्ट्र निर्मित कीमती 1400/-रूपये एवं 12 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1080/-रूपये एवं ब्रिकी रकम 300/-रूपये जप्त। थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 18 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1620/-रूपये जप्त। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 36(च) का 01 प्रकरण, थाना छुरिया पुलिस द्वारा 36(च) का 01 प्रकरण, ओपी मोहारा पुलिस द्वारा 36(च) का 01 प्रकरण इस प्रकार दो दिनों में आबकारी एक्ट के कुल 07 प्रकरणों में 07 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### विप्र कॉलेज की निधिश्री शुक्ला को पीएचडी अवार्ड



**रायपुर 2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय में सहायक प्राध्यापक निधि श्री शुक्ला ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में अपना पीएचडी एन एनालिटिकल स्टडी ऑन छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी इन द डेवलपमेंट ऑफ़ छत्तीसगढ़ विषय पर पूर्ण किया। विप्र कॉलेज में कार्यरत सहायक प्राध्यापक श्रीमती निधि श्री शुक्ला ने अपना पीएचडी वर्क विप्र कॉलेज के ही सहायक प्राध्यापक डॉ. आराधना शुक्ला के मार्ग निर्देशन में पूर्ण किया। को-गाइड रिसर्च सेंटर गवर्नमेंट जे. वाय. छत्तीसगढ़ ऑटोनोमस कॉलेज रायपुर के प्राध्यापक डॉ .अशोक शर्मा रहे। निधि श्री शुक्ला, श्री समीर कुमार ठाकुर की पत्नी एवं श्री अंबर शुक्ला व श्रीमती प्रमिला शुक्ला की सुपुत्री है।पी एच डी अवार्ड होने पर विप्र महाविद्यालय परिवार ने उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं सहित बधाई प्रेषित की है।

### राष्ट्रीय सम्मेलन में राज्य से जज हुए शामिल



**बिलासपुर 2 सितंबर।** माननीय मुख्य न्यायाधिपति श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के अगुवाई में छत्तीसगढ के न्यायिक अधिकारियों का जिला न्यायपालिका पर नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में महत्वपूर्ण भागीदारी उच्चतम न्यायालय के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दिनांक 31/08/2024 से 01/09/2024 तक नई दिल्ली में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड़ के नेतृत्व में जिला न्यायपालिका का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें भारतीय न्यायपालिका के प्रमुख गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया । छत्तीसगढ़ राज्य से मुख्य न्यायाधिपति श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के नेतृत्व में 22 न्यायिक अधिकारियों का प्रतिनिधिमण्डल राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुआ। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के न्यायिक अधिकारियों द्वारा सक्रिय भागीदारी की गई और छत्तीसगढ के न्यायिक अधिकारियों को पूरे देश भर के न्यायाधीशों के साथ विचार विमर्श करने व अनुभव का आदान प्रदान करने का एक बहुमूल्य अवसर प्राप्त हुआ । इस राष्ट्रीय सम्मेलन से छत्तीसगढ के जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों को निश्चित तौर पर एक अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई है जो उन्हें न्यायिक जगत के लिए और कुशल और उपयोगी बनाएगा तथा उन्हें उनके गुरूत्तर दायित्वों का बोध कराते हुए उनके कार्य को परिष्कृत करने वाला होगा। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आतिथ्य में हुआ और उन्होंने अपने उद्बोधन में संविधान की रक्षा व नागरिक अधिकारों की सुरक्षा में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

### ग्राम बिजेतला में नये औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना को लेकर उद्योग व व्यापार जगत में हर्ष

**राजनांदगांव 2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में उद्योग एवं वाणिज्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने राजनांदगांव जिले के ग्राम बिजेतला में 421.9 एकड़ भूमि पर नवीन आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह मांग सभी राजनांदगांव के व्यापारी गण द्वारा विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉक्टर रमन सिंह जी को वक्त वक्त पर निवेदन रखा गया । विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉक्टर रमन सिंह जी के आधार पर लिया गया यह निर्णय काफी सराहनीय है इससे व्यापार जगत में राजनांदगांव जिला और विकसित होगा इस आदर्श औधोगिक क्षेत्र की स्वीकृति पूर्व मुख्यमंत्री माननीय डॉ. रमन सिंह के अनुशंसा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गौरतलब है कि, औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए चयनित भूमि परिकल्पित परियोजना का मुख्य आधार होगी, जो क्षेत्र में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और औद्योगिक प्रगति का मुख्य आधार बनेगी। इस कदम से न केवल स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। राजा मखीजा ने इस सैद्धांतिक मंजूरी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह निर्णय राज्य के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल राजनांदगांव बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के विकास को गति मिलेगी। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजा माखीजा ने माननीय डॉ रमन सिंह एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ को बधाई दी तथा अनुरोध किया कि इस आदर्श औद्योगिक इकाई में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं जैसे फूड पार्क, मेडिकल इंस्ट्रूमेंट पार्क, इलेक्ट्रॉनिक पार्क, टॉयज पार्क,टेक्सटाइल पार्क एवं अन्य अनेक सुविधाएं, मुख्य पूंजी अनुदान, ब्याज अनुदान, बिजली बिल अनुदान, जीएसटी अनुदान यथा संभव प्रदान किया जाए तथा इसके लिए राजनांदगांव के व्यापारियों द्वारा अपील की गई।

# पाटेकोहरा चेकपोस्ट में लंबे समय से पदस्थ प्रभारी अंततः हटाए गए

**खबर का असर: तरुण छत्तीसगढ़ ने प्रमुखता से दोनों निरीक्षकों का समाचार प्रकाशित किया था**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 2 सितंबर।** अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पाटेकोहरा में लंबे समय से कार्यरत परिवहन के निरीक्षक नरेंद्र साहू व संतोष राठौर जो सबसे ज्यादा समय तक पाटेकोहरा में राज किए,दोनों साथ में सबसे ज्यादा रुपए कमाने वाले निरीक्षक में गिना जाएगा। 24 माह में कई करोड़ रुपये छापकर कमाई कर तबादला हुए हैं ।छत्तीसगढ़ के परिवहन विभाग का कुबेर पाटेकोहरा को माना जाता है जितने भी निरीक्षक यहां आए हैं उनको सब पता है ।कई निरीक्षक पाटेकोहरा आने के लिए राजनेताओं को करोड़ों रुपए देने लाइन लगाए रहते हैं ।लेकिन पता नहीं परिवहन निरीक्षक नरेंद्र साहू व संतोष राठौर कौन से नेताओं को कितना देकर अपना रोटेशन बढ़ाया होगा ।24 माह में कई करोड़ कमाने वाले नरेंद्र साहू बिलासपुर भेजे गए और संतोष राठौर को दुर्ग उड़नदस्ता बनाएं गए हैं ये दोनों आधिकारी लम्बे समय से पाटेकोहरा में जमे थे। इनके स्थान पर संतोष कुमार झा चेकपोस्ट धनपुंजी एवम् उड़न दस्ता जगलपुर को चेक पोस्ट पाटेकोहरा लाए गए हैं। दैनिक अखबार तरुण छत्तीसगढ़ में नरेन्द्र साहू और राठौर के भ्रष्टाचार का लगातार छपने के बाद यह कार्यवाही हुआ है। परिवहन विभाग का भ्रष्टाचार व्याप्त है यहां अनाधिकृत लोगों के सक्रिय होने और उनका बड़ा दखल होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता । यही नहीं यहां की जाने वाली अवैध वसूली से जुटाए जाने वाले पैसों का नेताओं को भी फंडिंग किए जाने की खबर मिलती रहती है। इसके अलावा भी यहां अवैध वसूली की शिकायतों के बावजूद कभी जांच नहीं होती । पाटेकोहरा बैरियर में वसूली और यहां से जुड़ी दूसरी शिकायत प्रधानमंत्री तक से की जा चुकी है। पाटेकोहरा बैरियर में गाड़ियों पर चालान कार्यवाही के बजाय सीधे वसूली की जाती है इसमें अधूरे दस्तावेजो वाले वाहन ओवरलोड गाड़ियां और कई तरह के मामले शामिल होते हैं यही नहीं लगातार इस बैरियर से गुजरने वाली गाड़ियों को बकायदा मंथली कार्ड बेचे जाते हैं ,इस कार्ड के लिए हर महीने एक तय रकम अदा करनी होती है ।कार्ड दिखाने पर उन्हें परिवहन विभाग नहीं रोकता ।उड़न दस्ता भी इस गाड़ियों की जांच नहीं करता। कोई यहां चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ़ मुंह तक नहीं खोलता। छोटे बड़े नेता सब सेटिंग है। चिचोला नेशनल हाईवे छत्तीसगढ़ के कुबेर कहे जाने वाले चेक पोस्ट पाटेकोहरा मे आये दिनों नेशनल हाईवे मे जाम लगा रहता है।आयें दिन ट्रक ड्राइवरों से लाठैत द्वारा मारपीट व बदसुलूकी की जाती है जैसे ये डंडा धारी खुद परिवहन अधिकारी है पुर्व में भी एक ट्रक ड्राइवर को लाठैतो द्वारा डंडा मारकर हाथ फेक्चर कर दिया गया था जिसके कारण पुरा नेशनल हाईवे 1घंटा जाम रहा ये लाठैतो को भी वरदान प्राप्त है । चूंकि अंतरराज्यीय चेक पोस्ट होने के कारण एंट्री के नाम पर भी बंदर बांट होता है इसी कारण यहां नये व पुराने दलाल भी सक्रिय रहते है ।कुछ नये व पुराने दलाल सुत्र तो यहां भी बताते हैं कूछ लोग बकायदा गाड़ीयों का नम्बर दे देते हैं और वह आसानी से पार हो जाता है दलाल नेता लोग तो रात्रि के अंधेरे में भी नज़र आतें हैं। अब देखना है कि नए आधिकारी के पदस्थ होने के बाद इन सेटिंग बाज लठैतो का खेल यू ही जारी रहता है या राजनीतिक संरक्षण मे जों वर्तमान में लठैतो है इनकी दिशा दशा क्या होता या इसमें लगाम लगता है। निरीक्षकों के त्रिदेव जो तैनात हैं बंदर बाट करने वाले क्या यथा स्थान पर काबिज रहेंगे या इनमें भी कुछ बदलाव आएगी या यह अपनी बादशाहत कायम रखते हैं यह आगे देखने वाली बात है।

### कायस्थ समाज भवन का लोकार्पण, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की समाज की सराहना

**रायपुर 2 सितंबर।** आज शहर में कायस्थ समाज भवन का भव्य उद्घाटन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज भवन का उद्घाटन करते हुए कायस्थ समाज की एकजुटता और योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, कायस्थ समाज ने सदैव समाज और राष्ट्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। यह भवन समाज के लोगों को एकजुट रखने और उनकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। समारोह में समाज के अध्यक्ष देवेंद्र मोहन लाल सचिव नागेश श्रीवास्तव सभी पदाधिकारी ओर महापौर हेमा देशमुख, शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन, नवाज खान, निखिल त्रिवेदी सहित समाज के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे भव्य रूप दिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने भवन निर्माण में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और समाज के उत्थान के लिए मिलजुलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और समाज के स्व. प्रकाश श्रीवास्तव जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# 6 माह पूर्व के अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 2 सितंबर।** भोभलाबाहरा के जंगल में हुए अंधेकत्ल की गुत्थी 6 माह के बाद दुगली पुलिस ने हत्यारा पति और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है,मृतिका के पति अपने साथी के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से हत्या को दिया था अंजाम,हत्या करने के पश्चात् पुलिस को गुमराह करने के लिये थाना भानुप्रतापपुर जिला कांकेर में कराया था गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दिनांक 6.2.2024 के दरम्यानी रात्रि ग्राम भोबलाबाहरा मारागांव सीसी रोड से 20 मीटर की दूरी पर अज्ञात मृतिका उम्र करीबन 25-30 वर्ष का शव अधजली अवस्था में मिलने से थाना दुगली जिला धमतरी के द्वारा मर्ग के 02/24 धारा 174 जा.फौ.कायम कर मर्ग पंचनामा कार्यवाही में लिया गया,डॉक्टर के शार्ट पीएम रिपोर्ट के अनुसार मृतिका के सिर,गर्दन, पेट में गंभीर चोट के निशान के कारण मृत्यु हो जाना लेख किया गया है।जिस पर से थाना दुगली में अपराध क्रं 06/24 धारा 302 भादवि.पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिले में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने सायबर सेल तकनीकी एवं थाना दुगली की संयुक्त टीम द्वारा अज्ञात मृतिका का शिनाख्त एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। अज्ञात महिला के हुलिया,उम्र, पहनावे की तर्ज पर पतासाजी हेतु छत्तीसगढ़ में संचालित समाधान पुलिस एप में छत्तीसगढ़ के जिले गरियाबंद,बीजापुर सुकमा, कोंडागांव,कांकेर, जशपुर, बस्तर,राजनांदगांव, दंतेवाडा,कबीरधाम, महासमुंद,नारायणपुर, मोहला मानपुर, सुरजपुर, बलरामपुर के गुम इंसान के हुलिया एवं पहनावे से मिलान किया गया।तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटनास्थल का बारिकी से विश्लेषण किया गया विश्लेषण में तकनीकी साक्ष्य मिलने के पश्चात् पुनः छत्तीसगढ़ समाधान पुलिस एप में अज्ञात महिला के हुलिया के आधार पर जिला कांकेर थाना भानुप्रतापुर में सर्च किया गया, जिसमें थाना भानुप्रतापपुर में गुम इंसान 09/24 गुमशुदा श्रीमति जयंत्री पति मनराखन नेताम उम्र 33 वर्ष ग्राम मोहगांव गुम दिनांक 06.02.2024 के फोटो के साथ मिलान होने के उपरांत श्रीमति जयंत्री के पति मनराखन नेताम के बारे में जानकारी एकत्र करने हेतु मुखबिर लगाकर छानबीन की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर मनराखन नेताम को संदेह के आधार पर पकड़ कर पुछताछ करने पर बताया कि मृतिका जयंत्री को मारने के लिये अपने साथी रामदेव सलाम के साथ योजना बनाकर कटरी (चाकू), पेट्रोल एवं लोहे के जेकराड पकड़ कर दिनांक 07.02.24 की सुबह मनराखन नेताम अपनी पत्नी जयंत्री नेताम को घुमाने के बहाने भतीजा रामदेव सलाम के साथ मोटर सायकल से गांव मोहगांव से कांकेर, नरहरपुर होते हुये दुगली जंगल पहुंचे, घने जंगल का फायदा उठाकर अपने पत्नी जयंत्री नेताम के सिर में जेकराड़ से हमला कर कटरी (चाकू) से उसके पेट एवं गला को काट कर हत्या कर दी मृतिका के पहचान छुपाने के नियत से चेहरे एवं शरीर में पेट्रोल डाल कर जला दिया, पुलिस ने दोनों आरोपियों पर धारा 302,120 (बी) 201 भादवि. के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेजा गया, इस अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने में सायबर सेल तकनीकी प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे, थाना प्रभारी दुगली निरीक्षक दुमनलाल डडसेना, थाना रूद्री प्रभारी उप निरीक्षक अमित बघेल, सायबर सेल से प्रआर देवेन्द्र राजपूत, लोकेश नेताम, आर, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू कृष्ण कन्हैया पाटिल,आनंद कटकवार, युवराज ठाकुर, विकास द्विवेदी, योगेश नाग, फनेश साहू, कमल जोशी, योगेश ध्रुव, देवेन्द्र साहू, मनोज साहू, गोपाल चन्द्राकर, किशोर देशमुख, थाना दुगली से प्रआर. पुरन साहू, सत्येन्द्र दिक्षित,आरक्षक गोकुल सिन्हा,वेदप्रकाश चन्द्रवंशी, रामायण कंवर,घनश्याम साहू, तेजराम नेताम, मानक साहू, शिवचरण कुर्रे,अनिल खुटारे की सराहनीय भूमिका रही।

## समाचार संक्षेप

### विधायक ने दशगात्र कार्यक्रम में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की



**डोंगरगांव 2 सितंबर।** ग्राम धौराभांठा निवासी ग्राम व समाज के वरिष्ठ सियान नेमू राम साहू के दशगात्र कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू सपत्नीक पहुच कर मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किए ,साथ ही इस कार्यक्रम में तहसील साहू संघ डोंगरगाँव के संरक्षक अमरनाथ साहू , अध्यक्ष हेमंत साहू , समाज के वरिष्ठ सियान चेतन साहू भी पहुंचकर मृतात्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिजनो को संबल प्रदान किए।

### सेवानिवृत हुए ढारा एवं बेलगांव के समिति प्रबंधक



**डोंगरगढ़ 2 सितंबर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक डोंगरगढ़ शाखा के अंतर्गत आने वाले समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मर्यादित ढारा के समिति प्रबंधक मारुति लाल कोचे एवं बेलगांव के समिति प्रबंधक येतराम जघेंल का कार्यकाल 31 अगस्त 2024 को पूर्ण होने पर दिया गया बधाई मारुति लाल कोचे अपना कार्यकाल 1 जुलाई 1983 में सेवा सहकारी समिति अछोली में विक्रेता के पद से आरंभ किया उसे समय सेवा सहकारी समिति अछोली एवं देवकट्टा समिति जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के बजाय एसबीआई बैंक डोंगरगढ़ में संलग्न था, वर्ष 1984 में समितियां को जिला सरकारी केंद्रीय बैंक कृषि शाखा डोंगरगढ़ में मर्ज किया गया मारुति कोचे लगभग 7 वर्ष तक विक्रेता के पद पर कार्य किया उनके कार्यकाल में अछोली, ढारा एवं देवकट्टा समिति को मर्ज कर ढारा समिति को मर्ज कर ढारा समिति बनाया गया, वही उनको सहायक समिति प्रबंधक के पद पर पदोन्नति किया गया वर्ष 2005 में आदिम जाति सेवा सरकारी समिति बोरतलाव में प्रभारी समिति प्रबंधक स्वतंत्र प्रभार पर स्थानांतरण किया गया जहां उन्हें वर्ष 2005 से 2011 तक कार्य किया, उनका पुनः तबादला सेवा सहकारी समिति ढारा में किया गया जहां 2015 में उन्हें समिति प्रबंधक के पद पर पदोन्नति किया गया जहां से ही समिति प्रबंधक के पद पर 40 वर्ष की सेवा देते हुए 62 वर्ष की आयु में 31 अगस्त को समिति से सेवानिवृत हुए वही सेवा सरकारी समिति बेलगांव के समिति प्रबंधक येतराम जंघेल ने वर्ष 1973 में सेवा सहकारी समिति बेलगांव में विक्रेता के पद पर प्रथम नियुक्ति हुई जहां उनसे कार्य को देखते हुए सेवा सहकारी सेवा नियम अनुसार सहायक समिति प्रबंधक एवं प्रबंधन के पद पर पदोन्नति किया गया दोनों समिति प्रबंधकों का 31 अगस्त को सेवा अवधि समाप्त होने पर मारवाड़ी धर्मशाला डोंगरगढ़ में बैंक के अधिकारी शाखा प्रबंधक योगेंद्र शर्मा, बी एल चंद्रवंशी, सहायक लेखापाल शैलेंद्र चंद्रवंशी, नीता साहू, दुर्गा प्रसाद नागपूरे, सहकारी समिति कर्मचारी संघ के संरक्षक ईश्वर श्रीवास की की उपस्थित में दोनों समिति प्रबंधक के कार्य की सराहना करते हुए बैंक प्रतिनिधियों ने पुष्प उच्च भेंट कर तिलक एवं गुलाल लगाकर भाव विहीन पूर्वक विदाई दिए, वही श्री येतराम जांघेल एवं मारुति लाल कोच को बधाई देने के लिए क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, कांग्रेस जिला महामंत्री चूमन दास साहू, ब्लॉक कांग्रेस महिला अध्यक्ष लता साहू, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता योधन साहू, फिरंगी राम पटेल, मैं साहू धर्मशाला में आयोजित विदाई कार्यक्रम में शामिल होकर सेवानिवृत्ति समिति प्रबंधक येतराम जांघेल एवं मारुति लाल कोचे को उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए स्वस्थ जीवन की कामना की करते हुए बधाई दी है।




**रायपुर 2 सितंबर।** जिले के प्रथम सी.एन. जी. स्टेशन का शुभारंभ आज साई बाबा फिलिंग स्टेशन(एच. पी.आउटलेट) लोधीपारा चौक पंडरी में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया, उन्होंने रायपुर शहर एंव जिले में ईंधन का सस्ता एंव प्रदूषण रहित विकल्प उपलब्ध होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई प्रदान की,कार्यक्रम में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री नितिन श्रीवास्तव,श्री सरोज लेंका,संदीप कुमार,एंव पार्षद श्री प्रमोद साहू,डीलर गण श्री अनिल दुबे, श्री विजय अग्रवाल,श्री योगेश अग्रवाल,नवनीत चावला,अभय पारख,बॉबी कश्यप,नीरज शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# पर्युषण सार्वभौम आध्यात्मिक पर्व है: मुनि सुधाकर

**रायपुर 2 सितंबर।** पर्युषण पर्व सारे जैन समाज का प्रमुख आध्यात्मिक पर्व है। इस पर्व का संदेश हर समाज के लोगों के लिए बहुत उपयोगी है। यह एक सार्वभौम पर्व है। जैन धर्म व्यक्ति प्रधान नहीं गुण प्रधान है। जैन धर्म के सारे कार्यक्रमों में अध्यात्मिक और नौल्क गुणों की साधना का प्रमुख लक्ष्य है। पर्युषण पर्व के साथ किसी तीर्थकर की जन्मचा, निर्वाण तिथि का सम्बन्ध नहीं है। परि और उषण मिलकर पर्युषण शब्द का निर्माण हुआ है। जिसका भावार्थ है- आत्मा के अन्दिर में निष्ठा पूर्वक निवास करना प्राचीन आगम साहित्य में पर्युषण का उल्लेख हुआ है। भगवान महावीर के समय में इसका स्वरूप क्या था यह अध्ययन और अनुसंधान का विषय है। पर्युषण के साथ कई तरह की घटनाएं प्रचलित है। पर सबका लक्ष्य विकारों, कषायों तथा भौतिक सुखों और पदार्थों की पुखशता को मिटाना है। इसके साथ ही जीवन के हर बैच में मर्यादा और अनुशासन की प्रतिष्ठा करना है। उक्त विचार रायपुर स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत जैनों के महापर्व ÷पर्युषण महापर्व÷ के विशेष अवसर पर आज दिनांक 02/09/2024 को आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी ने कहे। मुनिश्री ने आगे कहा कि पर्युषण पर्व का जितना आध्यत्मिक महत्व है, उतना ही सामाजिक जीवन के लिए भी महत्त्व है। परिवार और समाज में जो भी वैर विरोध की गांठ लग जाती है। पर्युषण के अवसर पर उसे खोलना जरूरी है। यदि उसे नहीं खोला जाता है तो वह पर्युषण पर्व की सही साधना नहीं करता । चाहे बाहर के अनुष्ठान कितने ही करें परन्तु पर्युषण की समाप्ति पर सबको अपनी भूलों के लिए क्षमायाचना करना जरूरी है।



# अवैध शराब परिवहन करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 2 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांवी मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन जुआ, सट्टा की रोकथाम हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के प्रर्यवेक्षण में दिनांक 01/09/2024 को थाना छुरिया पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि एक आईचर क्रमांक ष्ठत्र 08, क्क5297 में काकोडी महाराष्ट्र की ओर से शराब लेकर छुरिया डोंगरगांव की ओर अभी रात्रि में आ रही है कि सूचना पर हमराह स्टाफ के छुरिया-डोंगरगांव रोड खुंटा छुरिया मोड पास नाकाबंदी किया नाकाबंदी के दौरान छुरिया की ओर से एक चार पहिया आया जिसे रोकवाकर पुछताछ व वाहन को चेक किया । चेकिंग के दौरान वाहन के केबिन में ड्राइवर सीट के पीछे प्लास्टिक बोरी श्री साईं शक्ति मुरमुरा उद्योग लिखा जिसमें एक प्लास्टिक बोरी में रखा कुल 86 पौवा देशी दारू महाराष्ट्र निर्मित जिसके प्रत्येक में 180 मिली0 भरी कुल 15.480 बल्क लीटर कीमती 6020/-रूपये की तथा आईचर क्रमांक ष्ठत्र 08, क्क5297 पेन्ट भरी कीमती 2600000/-रूपये तथा वाहन के कागजात कुल जुमला कीमती 2606020/-रूपये को जप्त अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपी को न्यायिक रिमांड हेतु भेजा गया उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, उपनिरीक्षक ओम साहू, आरक्षक 160 देवीप्रसाद साहू एवं 460 फुलेन्द्र राजपुत का विशेष योगदान रहा ।



**नवीन महाविद्यालय बाजार अतरिया में वेलकम पार्टी का हुआ आयोजन**

# काफी संघर्ष के बाद महाविद्यालय की हुई है स्थापना:दिनेश साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खैरागढ़ 2 सितंबर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बाजार अतरिया मे वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया. जिसमे द्वितीय वर्ष के छात्रों के द्वारा प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का फूल गुलदस्ते से स्वागत किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार दिनेश साहू उपस्थित रहे, विशेष अतिथि के रूप में पत्रकार सुरेश वर्मा उपस्थित रहे. इस दौरान महाविद्यालय के बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक मंचन किया गया. जो ज्ञानवर्धक रहा, महाविद्यालय में नए प्रवेशी बच्चो का वेकलम होने पर अपने आपको काफी खुश महसूस किये. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशी बच्चो का मनोबल बढ़ाना व द्वितीय वर्ष के छात्राओं के साथ परिचय स्थापित करना। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पत्रकार दिनेश साहू ने कहा कि बाजार अतरिया में महाविद्यालय काफी संघर्ष के बाद खुला है. पहले क्षेत्र के बच्चो को उच्च शिक्षा अध्ययन करने के लिए 25 - 30 किलोमीटर की दुरी तय करना पड़ता था. जिसके वजह से बालिकाओ को उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ता था. लेकिन अब आसपास के हर एक बच्चे हायर सेकंडरी पास होने के बाद नजदीक के महाविद्यालय बाजार अतरिया में आसानी से पढ़ाई कर रहे है.उन्होंने कहा कि वेलकम पार्टी का यह सिलसिला अनवरत जारी रहना चाहिए. ताकि नवप्रवेशी बच्चो का मनोबल बढ़ा रहे. श्री साहू ने शिक्षक और बच्चो के बीच मित्रवत व्यव्हार रखने की बात कही. प्रोफेसर प्रदीप कुमार साहू ने नई शिक्षा निति को लेकर जानकारी साझा करते हुए बताया कि द्वितीय वर्ष के बच्चो के विषय में नई शिक्षा निति की विभिन्न पहलु लागु है, वर्तमान में प्रथम वर्ष में प्रवेश लिए बच्चो का पाठ्यक्रम सेमेस्टर के अनुसार होगा, उन्होंने गलती होती है तो सुधार करने की बात कही लेकिन जानबूझकर गलती नहीं करने की बात कही. शिक्षक और छात्राओं के बीच में किसी भी तरह का झिझक नहीं रहना चाहिए, यदि ऐसा होता है तो बेझिझक पूछ सकते है. इस अवसर पर प्रोफेसर प्रदीप कुमार साहू, डॉ गजेंद्र कुमार साहू, डॉ स्मृति कन्नौजे, टिकेंद्र कुमार ,वर्मा, सिद्धर्थ देशमुख, डॉ सोनी वर्मा, झामन वर्मा, छत्रपाल बघेल, रेशमा मारकंडे, सुषमा सेन सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

संपादकीय

## जितनी जल्दी न्याय उतना ही भरोसा बढ़ेगा

न्याय होना चाहिए यह एक बात है,मानव समाज को जोर तो इस बात पर रहता है। इससे ऐसा लगता है कि सारा जोर न्याय पर है। हम सब चाहते हैं कि किसी के साथ अन्याय हुआ है तो उसके साथ न्याय होना चाहिए। न्याय करने वाले समय के हिसाब के बदलते रहते हैं। आदमी जिस स्तर पर न्याय चाहता है, उसी स्तर पर उसको न्याय देने की व्यवस्था वक्त के साथ बदलती गई है। पहले राजा तक आदमी गुहार लगा सकता था न्याय के लिए।वक्त के साथ पंचायत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक न्याय की व्यवस्था मानव समाज ने की है। आदमी की खामी यह है कि वह खुद ही व्यवस्था बनाता है और उससे कभी संतुष्ट नहीं होता है। वक्त साथ हर संस्था में बुराई आ जाती है। यह बुराई इसलिए आती हैं कि मनुष्य खुद ऐसा चाहता है। सीधी सी बात है कि मनुष्य में बुराई है, इसलिए समाज में बुराई है, हमारी व्यवस्था में बुराई है। हमारे शासन प्रणाली में बुराई, न्याय व्यवस्था में बुराई है। न्याय व्यवस्था में वह सब बुराई है, जो आदमी में होती है। इसलिए न्याय व्यवस्था से अपेक्षा करते वक्त आदमी को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह दोनों पक्षों को संतुष्ट नहीं कर सकते, उसके न्याय से हमेशा एक पक्ष ही संतुष्ट होगा। जिसके पक्ष में फैसला आएगा वह संतुष्ट होगा जिसके पक्ष में फैसला नहीं आएगा उसे तो लगेगा ही उसके साथ न्याय करने वाले ने न्याय नहीं किया। आदमी के बाद समाज व देश का नंबर आता है, न्याय ऐसा होना चाहिए कि समाज को भी लगे कि न्याय करने वाले ने वाकई न्याय किया है. देश को भी लगना चाहिए कि न्याय करने वाले ने वाकई न्याय किया है। हम लोकतंत्र में रहते हैं, न्याय करने का काम न्यायालय का है, इसलिए न्याय की कसौटी तो यह भी होनी चाहिए कि वह बहुमत को लगे कि न्याय करने वाले ने न्याय किया है। इसलिए लोकतंत्र में कई मामलों में जजों के न्याय को भी बहुमत के आधार पर देखा जाता है। कोर्ट जितनी बड़ी होती जाती है, जजों की संख्या भी बढती जाती है। हर बड़ी कोर्ट बहुमत के आधार पर छोटी कोर्ट के फैसले की समीक्षा कर सकती है और उसे बदल सकती है। बहुमत के आधार पर नया फैसला दे सकती है। यानी लोकतंत्र में न्याय स्थिर नहीं होता है। वह परिवर्तनशील होता है। बहुमत के आधार पर बदलता जाता है। जो आज न्याय माना जा रहा है, सही माना जा रहा है वह कल को गलत हो सकता है। जो आज गलत माना जा रहा है,वह कल को सही माना जा सकता है। लोकतंत्र में न्याय के लिए विवेक व बहुमत को होना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। वक्त के साथ न्याय व्यवस्था से लोगों की अपेक्षा भी बदलती है। पहले की न्याय व्यवस्था में त्वरित न्याय होता था, उसमें वक्त नहीं लगता था। पंचायत दोनों पक्षों की सुनकर एक ही बैठक में फैसला दे देती थी। लोग उसे मान लेते थे ,इसलिए मान लिया जाता था कि न्याय हुआ है। सबसे बड़ी बात लोगों का भरोसा पंचों पर होता था, वह मानते थे कि पंच सही फैसला करते हैं। जैसे जैसे लोगों की भरोसा पंचों से लेकर जजों पर कम होता गया है तो अदालतों में मामलों की संख्या बढ़ती गई है। इससे न्याय मिलने देरी हो रही है, न्याय का प्रक्रिया भी जटिल हो गई है, इसलिए भी न्याय मिलने में देरी हो रही है। न्याय की प्रक्रिया थाने से शुरू होती है। उसमें जांच में ही कई दिन लग जाते हैं। उसके बाद मामला न्याय के लिए अदालत में जाता है तो यहां भी हर अदालत में महीनों लग जाते हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचता हो तो कई बरस हो गए होते हैं। इससे दोनों पक्षों को लगता है कि न्याय में बहुत देरी हो गई है। न्याय की बरसों लंबी प्रक्रिया ही लोगों को अन्याय लगने लगती है। आज लोग न्याय जल्दी चाहते हैं तो इसलिए इसमें बरसों लग रहे हैं। जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन और सुप्रीम कोर्ट के 75 साल पूरे होने पर पीएम मोदी ने जनता की इसी भावना को स्वर दिया है और कहा है कि जितनी जल्दी न्याय होगा, लोगों का न्याय पर भरोसा बढ़ेगा। दूसरे शब्दों में इस तरह भी कहा जा सकता है कि जल्दी न्याय नहीं होता है, इसलिए न्याय, न्यायालय व न्यायाधीशों पर भरोसा कम हो रहा है। इसका मतलब यह भी नहीं हैं कि हमारी न्याय व्यवस्था बेमानी हो गई है, उसकी जरूरत है और वह अपना काम बखूबी करने का प्रयास तो करती है। इसके लिए उसकी सराहना की जा सकती है।

विश्लेषण

तनवीर जाफरी

# शर्मनाक है नारी शोषण में पक्षपात



बंगाल की राजधानी महानगर कोलकता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में रात की ड्यूटी अंजाम दे रही एक जूनियर डॉक्टर के साथ 9 अगस्त को हुआ बलात्कार तथा बलात्कार के बाद उसी जूनियर डॉक्टर की बेरहमी से की गयी हत्या का मामला इन दिनों देश के सबसे ज्वलंत मुद्दे के रूप में मीडिया में छाया हुआ है। इस बलात्कार व हत्या के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई जांच भी शुरू हो चुकी है। उस समय यह मामला और भी हाई प्रोफाइल हो गया जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गत दिनों पीटीआई को दिए अपने साक्षात्कार में इसी कांड के सम्बन्ध में यह कह दिया कि ₹मैं बहुत निराश और भयभीत हूं। बेटियों के खिलाफ अपराध बर्दाश्त नहीं। राष्ट्रपति ने कहा, बस अब बहुत हुआ₹। इसके अतिरिक्त भी राष्ट्रपति महोदया ने इसी विषय पर और भी बहुत सी बातें कर हमारे समाज की बेटियों और बहनों के साथ हो रहे इस तरह के अत्याचारों पर गहन चिंता जाहिर की। उन्होंने पूरे समाज का आवाह्न किया कि सब मिलकर इस विकृति का सामना करें ताकि इसे शुरूआत में ही खत्म किया जा सके।

राष्ट्रपति महोदया द्वारा कोलकता रेप व हत्याकांड का जिक्र अपने इंटरव्यू में करने के बाद यह चर्चा भी सुनाई देने लगी है कि क्या बंगाल में इसी शर्मनाक काण्ड की आड़ में निर्वाचित सरकार को अपदस्थ कर वहां राष्ट्रपति शासन भी लगाया जा सकता है ? इससे पहले भी बंगाल में संदेशखाली की कुछ महिलाओं ने कथित तौर पर यह आरोप लगाया था कि मुख्य मंत्री ममता बनर्जी के करीबी तृणमूल नेताओं द्वारा प्रशासन का डर दिखाते हुए उन लोगों पर अत्याचार किया गया। उनकी जमीन छीन कर उस पर कब्जा कर लिया गया। विरोध करने पर हमले किये गये। जमीन लीज पर लेकर पैसे भी नहीं दिये गये, पैसे देने का वादा करने के बावजूद पैसे मार लिये गये और शारीरिक शोषण भी किया गया,आदि आदि। हालांकि इसी मामले में तृणमूल नेताओं पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली तीन महिलाओं में से दो ने केस वापस भी ले लिया था। तृणमूल कांग्रेस ने ह्यस्टिंग ऑपरेशनह्न के एक वीडियो में दावा किया था कि बीजेपी के स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से सादे कागज पर दस्तखत करवाए थे और बाद में तृणमूल नेताओं के विरुद्ध बलात्कार व यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करवाने में इन कागजों का प्रयोग किया गया था। इस साजिश के पदार्फाश होने के बाद यह मामला जितनी तेजी से मीडिया में उछाला गया था उतनी ही तेजी से यह दबा भी दिया गया। संदेशखाली की घटना के बाद भी बंगाल में राष्ट्रपति शासन की चर्चा सुनाई देने लगी थी।

बलात्कार हत्या जैसे घृणित अपराध निश्चित रूप से कहीं भी हों इसकी घोर भर्त्सना की जानी चाहिये। शासन व प्रशासन व विधायिका को मिलकर ऐसे उपाय ढूंढने चाहिये जिससे अपराधियों के हौसले पस्त हों और वे ऐसे अपराधों की जुरअत ही न कर सकें। साथ ही समाज को अपने बच्चों को भी शिक्षित करना चाहिये। परन्तु अफसोस तो इस बात का है कि हमारे देश में बलात्कार व हत्या जैसे घिनौने अपराध को लेकर भी 'राजनीति की हांडी ' चढ़ा दी जाती है। राज्य में सरकार किस दल की है,यह देखकर बलात्कार का विरोध किया जाता है। और इससे भी शर्मनाक यह कि बलात्कार पीड़िता का धर्म व उसकी जाति देखकर भी मामले का विरोध व समर्थन निर्धारित किया जाता है। आरोपी /अपराधी के रसूख के अनुसार भी उसके साथ बर्ताव किया जाता है। यहाँ तक कि यदि बलात्कार व हत्या का अपराधी बड़ी संख्या में अपने अनुयायी रखता है तो उस पर तो शासन की विशेष कृपा बरसते देखी जा सकती है। खासकर चुनावी बेला में तो ऐसे सफेदपोश अपराधियों को विशेष पेरोल तक दे दी जाती है। याद कीजिये गुजरात में 2002 में हुए साम्प्रदायिक दंगों के दौरान बिलक ीस बानो व उसकी मां के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था तथा उसी समय उनके सामने उन्हीं के परिवार के सात सदस्यों की हत्या भी कर दी गयी थी। इस लोमहर्षक जुर्म में महाराष्ट्र उच्च न्यायालय द्वारा 11 अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा दी गयी थी। परन्तु मई 2022 में गुजरात सरकार ने 'अच्छे चरित्र' के आधार पर दोषियों की सजा में छूट देते हुये स्वतंत्रता दिवस के दिन इनको रिहा कर दिया था। एक तरफ तो भारत सहित पूरे विश्व में गुजरात सरकार के इस कदम की घोर आलोचना हुई थी। तो दूसरी तरफ इन हत्यारे बलात्कारियों को मंच पर सुशोभित किया जाने लगा था। इन्हें फूल माला पहनाकर इन हत्यारे बलात्कारियों का स्वागत किया जा रहा था। इसी आलोचना के दौरान एक विश्व हिन्दू परिषद् के पक्षकार 'विद्वान लेखक ' ने इन हत्यारे बलात्कारियों का पक्ष लेते हुये अपने आलेख को इस आशय के शीर्षक से सजाया था कि -'आखिर हिन्दुओं को भी तो जीने का अधिकार है ?' यह तो भला हो सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयन का जिन्होंने इस मामले में संज्ञान लेते हुये - कहा कि मई 2022 में गुजरात सरकार ने दोषियों की सजा में छूट देकर तथ्यों की उपेक्षा की थी। और इसी टिप्पणी के साथ उन्होंने सभी दोषियों को दो हफ़्ते के भीतर जेल प्रशासन के पास हाज़िर होने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने उसी समय यह भी कहा था कि गुजरात सरकार के पास सजा में छूट देने और इस बारे में कोई फैसला लेने का अधिकार नहीं है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह अपराधी पुनः जेल जा सके थे और इन हत्यारे बलात्कारियों के हमदर्दों को अपनी मुंह की खानी पड़ी थी। इसी तरह जनवरी 2018 के कठुआ,जम्मू के 8 वर्ष की मासूम असिफा बानो के सामूहिक बलात्कार व उसकी हत्या के समय भी बलात्कार समर्थक इन बेशर्मों चेहरा बेनकाब हुआ था। इस घृणित अपराध का साजिशकर्ता एक रिटायर्ड राजस्व अधिकारी था जोकि उस समय एक स्थानीय मंदिर का पुजारी भी था जहाँ कई दिनों तक उस बच्ची के साथ बलात्कार किया जाता रहा। इस घटना को भी धार्मिक रंग देते हुये स्वयं को हिन्दू हितैषी कहने वाले लोग बलात्कारियों के पक्ष में केवल खड़े ही नहीं हुये बल्कि उनके समर्थन में जुलूस निकाले, प्रदर्शन किये और हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे। मणिपुर में महिलाओं के साथ क्या कुछ नहीं हुआ। पूरा विश्व उस घिनौनी खबर से हिल गया था जबकि सैकड़ों की भीड़ ने वर्ग विशेष की लड़कियों से नग्न परेड कराई और उनके साथ सामूहिक बलात्कार किये गये। ऐसे अनेक घटनायें मणिपुर में घटीं। उत्तरांचल,मणिपुर राजस्थान,मध्य प्रदेश कहाँ नहीं हो रहा है बलात्कार ? परन्तु क्या मीडिया तो क्या सरकारी तंत्र व विशेष विचारधारा के लोग इन सबको केवल गैर भाजपा शासित राज्यों में ही ऐसे अपराध नजर आते हैं ? यदि बलात्कारियों व हत्यारों को दलगत अथवा धर्म व जाति के चश्मे से देखा जाने लगा यानी नारी शोषण में भी पक्षपात किया जाने लगा फिर हमारे देश के लिये इससे निंदनीय व शर्मनाक और क्या हो सकता है ?




## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है और आपको बिजनेस में लाभ के अवसरों को भी हाथ से जाने नहीं देना है। आप किसी यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं, जिसमें आपको अपने सामानों पर पूरा ध्यान देना होगा। पारिवारिक समस्याएं फिर से उभरेगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात शुरू हो सकती है। किसी नए काम की शुरूआत करने का मौका मिल सकता है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। आपकी कोई डील फाइनल होने से आपको खुशी होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। नौकरी में आप अपने काम से अधिकारियों को खुश रखेंगे। आपके अच्छे व्यवहार से लोग आपसे मित्रता रखने की चेष्टा रखेंगे। आपको शेयर मार्केट में निवेश करने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा करना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। आप किसी काम को लेकर उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी को आप कहीं शॉपिंग पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंद भरा समय व्यतीत करेंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को कोई भी फैसला बहुत ही सोच विचार कर लेना होगा। बिजनेस में आप यदि कोई जोखिम उठाएंगे, तो इससे बाद में आपको कोई नुकसान हो सकता है। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी पारिवारिक मुद्दे को सुलझाने में संयम बनाए रखें। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने से आपके अधिकारी भी शाबाशी देंगे। अपनी किसी गलती को लेकर आपको पछतावा होगा। सरकारी क्षेत्रों में आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपका कोई पुराना मित्र आपके घर दावत पर आ सकता है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति को आप धन उधार देने से बचें।

सिंह- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी आय में वृद्धि होगी। आपको अपने खर्चों को भी कंट्रोल करने की आवश्यकता है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप अपने अनुभवों का पूरा लाभ उठाएंगे। संतान से आप किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे। आप किसी यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं, जिसमें आप अपने माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जाएं, तो बेहतर रहेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सावधानी व सतर्कता बरतने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। माता जी को यदि कोई पैरों से संबंधित समस्या चल रही है, तो आपको उसके लिए कुछ टेस्ट कराने होंगे। आप अपनी मेहनत पर भरोसा रखें। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई मौका मिल सकता है। आप अपने जीवनसाथी की किसी मन की इच्छा को पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आप अपने बिजनेस को लेकर किसी के साथ पार्टनरशिप कर सकते हैं। जीवनसाथी से यदि कुछ खटपट चल रही थी, तो वह बातचीत के जरिए दूर होगी। आपका कोई कानूनी मामला सुलझेगा, जिसमें फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। किसी पैतृक संपत्ति के मिलने से आपकी संपत्ति में भी इजाफा होगा।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएंगे। मामा पक्ष से आपको धन धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप अपनी जिम्मेदारियां समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। आपके अधिकारी कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कुछ बोझ डाल सकते हैं। अपने शत्रुओं को आप अपनी चतुर बुद्धि से आसानी से मात दे पाएंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनो भरा रहने वाला है। आपको धन प्राप्ति के योग बनते दिख रहे हैं। बड़ों के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। परिवार में किसी सदस्य को आपकी बात पूरी लग सकती है। आप किसी की कही सुनी बातों में पड़ने से बचें। आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आप कार्यक्षेत्र में महिला मित्रों से सावधान रहें। जीवनसाथी से आपको कोई उपहार मिल सकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपकी इनकम के सोर्स में यदि कुछ गिरावट चल रही थी, तो वह दूर होगी। आप परिवार में छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपका धन यदि कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको मिल सकता है। आप यदि किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो, तो वहां कोई भी बात बहुत ही सोच विचार कर बोले। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई लिखाई में कुछ समस्याओं को महसूस करेंगे।

कुंभ- कुंभ राशि के जातकों के लिए दिन धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। यदि आपका कोई काम धन को लेकर लटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। आप किसी नए प्लॉट को खरीदने की तैयारी कर सकते हैं। आपको अपने कामों में बदलाव करने से बचना होगा। यदि आपको संतान की शिक्षा को लेकर कोई चिंता चल रही थी, तो वह दूर होगी। आपका मन बाकी कामों में लगेगा। माता-पिता से आपको प्रेम व स्नेह भरपूर मिलेगा। जीवनसाथी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। भाई व बहनों से आपकी खूब पटेगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा, क्योंकि आपके साथी आपको बातों को पूरा महत्व देंगे और आपको कोई गिफ्ट भी दे सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपको राजनीति के कामों में भी बढ़ने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में यदि कोई समस्या आपको लंबे समय से परेशान कर रही थी, तो उसके लिए आप अपने सीनियर से बातचीत कर सकते हैं। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे। सेहत में कोई गिरावट हो, तो आप उसे नजरअंदाज ना करें।

## गजलों के महासूर्य बन चमक रहे हैं दुष्यन्त

ललित गर्ग

दुष्यंत कुमार ऐसे गजलकार एवं फनकार हैं जो निराशा में आशा, अंधेरों में उजाले एवं मुर्दों में जान भर देते हैं। हिंदी कविता और हिन्दी गजल के क्षेत्र में जो लोकप्रियता उनको मिली, वैसी लोकप्रियता सदियों में किसी कवि एवं शायर को नसीब होती है। दुष्यंत एक कालजयी कवि हैं और ऐसे कवि समय काल में परिवर्तन हो जाने के बाद भी प्रासंगिक रहते हैं। उनके लिखे स्वर सड़क से संसद तक गूंजते रहे हैं। इस सृजनधर्मी बहुआयामी लेखक एवं कवि ने कविता, गीत, गजल, काव्य, नाटक, कथा आदि सभी विधाओं में लेखन किया लेकिन गजलों के वे महासूर्य बन चमके। वे हिंदी गजल के लिए विख्यात है किंतु उन्हें यह ख्याति हिंदी गजलों के लिए नहीं, हिंदुस्तानी गजलों के लिए मिली। वे क्रांतिकारी विचारों वाले शायर हैं, उनकी शायरी को सामाजिक धारणाओं, आदर्श-व्यवस्थाओं एवं मजबूत राष्ट्रीय सोच का सूत्रपात कहा जा सकता है। जो सोयी शक्तियों को जगाता है, जो समय के साथ चलने की समाज एवं व्यक्ति को सूझ देता है। उन्होंने राष्ट्रीय-भावना, कुछ अनूठा करने के जज्बे को जीवंतता देते हुए समाज में क्रांति घटित करने का प्रयत्न किया।

जब भी बात गजलों की होती है तो उर्दू जुबान ही याद आती है लेकिन दुष्यंत कुमार एक ऐसा चमकता-दमकता नाम हैं जिन्होंने हिन्दी में गजलें लिखीं और उन्हें मुकाम तक भी पहुंचाया, उनकी गजलों में आम जनमानस का दर्द नजर आता है। शायद दुष्यंत कुमार अकेले ऐसे शायर हैं, जिनके शेर सबसे ज्यादा बार सार्वजनिक मंचों ही नहीं, संसद में पढ़े गए हैं। सभाओं में नेताओं से लेकर वक्ताओं ने उनके शेर सुनाकर व्यवस्था पर चोट की हैं एवं सरकार को जगाने और जनचेतना का कार्य किया है। सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए। मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में ही हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए। हममें से कितने ही लोग अपनी जिंदगी में इन कालजयी पंक्तियां का इस्तेमाल करते रहे हैं। उनके कई शेर हैं जो व्यक्ति में ही नहीं बल्कि पूरे समाज में क्रांति की अलख जगा देने की ताकत रखते हैं। उनकी कई रचनाओं को स्कूल के साथ ही बी.ए. और एम.ए. के पाठ्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाया जाता हैं। वहीं बहुत से शोधार्थियों ने उनके साहित्य पर पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है।दुष्यंत कुमार का जन्म 01 सितंबर 1933 को उत्तर-प्रदेश के बिजनौर जिले के राजपुर नवादा गांव में हुआ था। उनका मूल नाम दुष्यंत कुमार त्यागी था लेकिन वह साहित्य जगत में दुष्यंत कुमार के नाम से जाने गए। उनके पिता का नाम श्री भगवत सहाय और माता का नाम श्रीमती राम किशोरी था। दुष्यंत का अपनी स्कूली शिक्षा के दौरान ही राजेश्वरीजी से विवाह हुआ था। इसके बाद दोनों ने प्रयाग विश्वविद्यालय से हिंदी, दर्शनशास्त्र व इतिहास विषय में विवाहोपरांत साथ मिलकर बी.ए की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने प्रयाग विश्वविद्यालय से ही द्वितीय श्रेणी में एम.ए की परीक्षा पास की। यहीं से उनके साहित्यिक जीवन का आरंभ हुआ और उनके लेखन को एक नया आयाम मिला। अपने दांपत्य जीवन में उन्होंने तीन संतानों को जन्म दिया। उनके दो पुत्र और एक पुत्री थी।

अपने अध्ययन के दौरान दुष्यंत कुमार साहित्यिक संस्था ह्यपरिमलह्न की गोष्ठियों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे और ह्यनए पत्तेह्न जैसे महत्वपूर्ण पत्र से भी जुड़े रहे। इस समय उन्हें मार्गदर्शक के रूप में डॉ.रामकुमार वर्मा, डॉ. धीरेंद्र कुमार शास्त्री व डॉ. रसाल मिले तो सहपाठी के रूप में कमलेश्वर, मार्केंडय और रवींद्रनाथ त्यागी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। लेकिन जिंदगी का काफी हिस्सा मध्य प्रदेश में बीता। मध्य प्रदेश सरकार उनके नाम पर दुष्यंत कुमार पुरस्कार भी देती चली आ रही है। दुष्यंत आपातकाल के दौर में अपनी बागी रचनाओं के लिए भी चर्चित हुए थे। दुष्यंत कुमार ने केवल 42 वर्ष का जीवन पाया था लेकिन उन्होंने जिस भी विधा में साहित्य का सृजन किया वह कालजयी हो गई। उनकी रचनाएं सार्वदैशिक, सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक हैं, जो आधुनिक हिंदी साहित्य में आज भी ह्यमील का पत्थरह्न मानी जाती हैं। हिंदी अल्फाज की ऐसी रवानी, ऐसी ताजगी, ऐसी ऊर्जा और किसी शायर में मुश्किल से ही देखने को मिलती है। दुष्यंत की गजलों एवं शायरी में हिंदी-उर्दू अल्फाज का प्रयोग एक नई ताजगी के साथ जाहिर हुआ है और यह दुष्यंत की बड़ी खूबी मानी जा सकती है। दुष्यंत ने इंसानी कशमकश, जज्बात, उदासी, महरूमी को भी बहुत फनकारी के साथ बयान किया गया है, जो उन्हें एक न भूलने वाला शायर बनाता है। इसके अलावा जबान की सादगी और जबान का हिंदुस्तानीपन दुष्यंत को अपने ढंग के सबसे अनोखे और अलबेले शायर के रूप में भी स्थापित करता है। दुष्यंत नई गजल के माध्यम से सच बोलने एवं सच रचने का साहस किया एवं अनोखे शायर कहलाये। जिनकी शायरी तब तक जिंदा रहेगी जब तक गरीबों, लाचारों और बेबसों के लिए कोई न कोई आवाज उठती रहेगी। दुष्यंत के बारे में अच्छी और बुरी बातें हर नए दौर में कही जाती रहेंगी, लेकिन दुष्यंत ही अकेले ऐसे शायर हैं जिन्होंने उम्र भर सियासत को मुंह चढ़ाया, मगर कमाल यह है कि दुष्यंत के बाद सियासतदानों ने संसद में या संसद के बाहर, विधानसभाओं में या विधानसभाओं के बाहर अपनी बात को मनवाने और अपनी बात में ज्यादा वजन पैदा करने के लिए दुष्यंत को ही बार-बार कोट किया है, उनकी ही गजलों एवं शायरी का सहारा लिया है। दुष्यंत का आदर्श कोरा दिखावा न होकर संकल्प की उच्चता एवं पुरुषार्थ की प्रबलता है। व्यक्ति एवं समाज क्रांति के रूप में विकृत सोच एवं आधे-अधूरे संकल्पों को बदलने के लिये दुष्यन्त ने जिजीविषा एवं रचनात्मकता के उपाय निर्दिष्ट किये हैं। दुष्यंत कुमार की संपूर्ण साहित्यिक रचनाओं एवं रचना संसार में अनेक कृतियां हैं। उनके गजल-संग्रह में साये में धूप है तो उपन्यासों में शामिल है छोटे-छोटे सवाल, आँगन में एक वृक्ष, दुहरी जिंदगी। उनके काव्य-संग्रह में सूर्य का स्वागत, आवाजों के घेरे, जलते हुए वन का वसंत हैं। गीति नाट्य है एक कंठ विषपायी। प्रमुख नाटक है और मसीहा मर गया। कहानी-संग्रह है मन के कोण। हिंदी गजल विधा के पुरोधा दुष्यंत कुमार के सम्मान में भारतीय डाक विभाग ने एक डाक टिकट जारी किया था। इसके साथ ही ह्यदुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालयह्न में उनकी धरोहरों को संभालने का प्रयास किया गया है। दुष्यंत कुमार की कविता ह्यहो गई है पीर पर्वत सी, अब पिघलनी चाहिएह्न के कुछ अंशों का इस्तेमाल 2017 की लोकप्रिय फिल्म इरादा में किये गये हैं एवं भारत में हर भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के दौरान अक्सर इसका उपयोग होता रहा है। दुष्यंत मायूसी के काले बादलों को तार-तार करने की ताकत रखते हैं और दूसरों को भी ऐसा करने पर उकसाते हैं। दुष्यन्त हिंदी साहित्य के आकाश में सूर्य की तरह चमकते हैं और चमकते रहेंगे।

गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# अकारण नहीं है राष्ट्रपति की चिंता



इसे बेहद अप्रिय स्थिति में शुमार किया जाए अथवा बेहद विकट हालात से ग्रस्त देश की परिस्थिति का एक परिदृश्य बतौर माना जाए कि अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश की सर्व सत्ता सम्पन्न महिला राष्ट्रपति ने बलात्कार और हत्या के मामले पर गहरी निराशा और भयभीत होने का वक्तव्य जारी किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस महीने की शुरूआत में कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ क्रूर बलात्कार और हत्या के संबंध में अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी की है। देश में ऐसे बहुत कम मौके रहे हैं जब वर्तमान या पूर्ववर्ती महामहिम ने किसी ऐसे मुद्दे को संज्ञान में लेकर सार्वजनिक तौर अपनी बात रखी हो। इस को लेकर बहुत सारे सवाल जबाव प्रतिक्रिया आ रहीं हैं। राष्ट्रपति ने कहा है कि 'बहुत हो गया।' उन्होंने समाज को भूलने की आदत से ग्रस्त बताकर महिलाओं के खिलाफ होने वाली अमानवीयता दरिंदगी बर्बरता के संदर्भ में जगाने की कोशिश की है।

आपको बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्पादकों से बातचीत और उन्हें लिखे पत्र में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर आक्रोश जाहिर करने के साथ-साथ लिखा है कि इन पर अंकुश लगना चाहिए। कोलकाता में बीते 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या को लेकर मुर्मू ने कहा कि इस घटना ने उन्हें बहुत ही निराश और व्यथित कर दिया है। दुख की बात है कि यह अकेली घटना नहीं है, देश के अन्य हिस्सों में भी छोटी-छोटी बच्चियों के साथ अपराध की घटनाएं हो रही हैं। मुर्मू ने महिलाओं के खिलाफ अपराध पर लिखे एक विशेष लेख में कहा कि बस ! बहुत हो चुका। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि निंदनीय मानसिकता महिलाओं को कमतर इंसान, कम शक्तिशाली, कम सक्षम, कम बुद्धिमान के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि निर्भया केस के बाद से 12 वर्षों में, समाज द्वारा अनगिनत बलात्कारों को भुला दिया गया है। यह भूलने की बीमारी घृणित है। राष्ट्रपति ने कहा कि इतिहास का सामना करने से डरने वाले समाज सामूहिक भूलने की बीमारी का सहारा लेते हैं; अब समय आ गया है कि भारत इतिहास का सामना करे। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें इस विकृति से व्यापक तरीके से निपटना चाहिए ताकि इसे शुरू में ही रोका जा सके। अब समय आ गया है कि भारत ऐसी 'विकृतियों' के प्रति जागरूक हो और उस मानसिकता का मुकाबला करे जो महिलाओं को कम शक्तिशाली, कम सक्षम और कम बुद्धिमान के रूप में देखती है। कोलकाता में छात्र, डॉक्टर और आम लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, फिर भी अपराधी खुले आम घूम रहे हैं। उस समय भी अपराधी अन्यत्र शिकार की तलाश में घात लगाए हुए हैं।

'महिला सुरक्षाः बस ! बहुत हो चुका' शीर्षक लेख में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नौ अगस्त को कोलकाता में हुई घटना पर पहली बार अपने विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के लिए कुछ लोगों द्वारा महिलाओं को वस्तु के रूप में देखने वाली मानसिकता जिम्मेदार है। अपनी बेटियों के प्रति यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके भय से मुक्ति पाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें। नौ अगस्त को कोलकाता के एक अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर अत्याचार की अनुमति नहीं दे सकता। राष्ट्र का आक्रोशित होना निश्चित है, और मैं भी आक्रोशित हूं।राष्ट्रपति ने अगर सामूहिक स्मृतिलोप की निंदा की है, तो अब सरकारों का यह दायित्व है कि वे इस बीमारी का यथोचित इलाज करें।

मणिपुर में क्या हुआ था? एक वंचित आबादी ने दूसरी वंचित आबादी का शोषण किया था। और तो और, शोषण और अत्याचार में महिलाएं भी शामिल थीं। महिलाओं ने पुलिस ही नहीं, सेना को भी काम करने से रोका था। केवल निंदा, दुख और रोष से कुछ नहीं होने वाला, जमीन पर उतरकर काम करना पड़ेगा। समाज और उसके कर्णधारों को आईना दिखाना पड़ेगा। यह पूरा विमर्श केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित न रहे, तो ज्यादा बेहतर है। महिला शोषण किसी एक राज्य का मामला नहीं है।

देश भर में बच्चियों महिलाओं के साथ दुराचार की वारदातों की झड़ी लगी है छात्राएं स्कूलों मदरसों में सुरक्षित नहीं है कार्यस्थलों पर महिलाओं को असुरक्षा बोध से गुजरना पड़ रहा है केरल में मलयाली फिल्म उद्योग को कुछ प्रभावशाली सफेदपोशों ने महिला शोषण का अड्डा बना दिया। और यह कितना शर्मनाक है कि घिनौने शोषण को उजागर करने वाली हेमा रिपोर्ट को चार साल से ज्यादा समय तक दबाए रखा गया। अब 19 अगस्त को रिपोर्ट सामने आ गई है, तो फिल्म उद्योग के बड़े रसूखदार निमार्ता निर्देशक व नेताओं के खिलाफ 17 मामले दर्ज हो चुके हैं। 2017 में एक न्यायिक आयोग गठित किया गया जिसने चार साल पहले अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी लेकिन केरल की सरकार ने रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं की और उसे दबाए रखा था।

उधर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार की नीति बलात्कार संबंधी घटनाओं को कतई बर्दाश्त न करने की है और इन मामलों से संबंधित मौजूदा कानूनों में संशोधन के लिए अगले सप्ताह विधान सभा में विधेयक पारित किया जाएगा, ताकि दुष्कर्म के अपराधियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित किया जा सके। ममता बनर्जी इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर राज्य में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति को स्वीकार करने के स्थान पर गेंद केंद्र सरकार के पाले में फेंक रहीं हैं।ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर इस तरह की राजनीति राजनीतिक लोगों की मर चुकी संवेदनाओं को दशार्ती है। यकीनन यह कितना शर्मसार कर रहा है कि महिलाओं बच्चियों की सुरक्षा में हो रही कोताही को लेकर महामहिम राष्ट्रपति निराश भयभीत हैं देश आक्रोशित है राजनीति बेहया है और सिस्टम नाकारा? देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की भावनाओं को समझकर प्रदेशों और देश की सरकारों को दुष्कर्म के अपराधियों विरुद्ध कठोर कानून बनाने चाहिए और यह बात भी सुनिश्चित करनी चाहिए कि अपराधियों को एक समय सीमा के बीच किये अपराध की सजा भी मिल जाए, क्योंकि राष्ट्रपति ने सही समय पर महिलाओं और बच्चियों पर किए जा रहे असमानता और यौन दुर्व्यवहार दरिंदगी और बर्बरता की ओर देश और समाज को जागरूक किया है। राष्ट्रपति महोदया देश व राज्य की सरकारों कार्यपालिका और न्यायपालिका को भी साफ तौर पर निर्देशित करें कि अब बहुत हो चुका अब सभी सरकारें सरकारी मशीनरी और न्यायपालिका महिलाओं बच्चियों के खिलाफ होने वाले अपराधों और अत्याचार के खिलाफ एक अभियान बनाकर कार्यवाही करें ताकि देश की आधी आबादी भी अपराध मुक्त निर्भय जीवन जी सके।

# बैलों की पूजा कर किसानों ने मनाया पोरा तिहार

## पोरा तिहार में बाजार में मिटटी से बने नंदी बैल लेकर कुम्हार बेचने पहुंचे बाजार में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 02 सितंबर।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पोला (पोरा)तिहार आज दक्षिण बस्तर जिले के ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक रूप से मनाया जा रहा है। किसान अपने बैलों का साज श्रृंगार कर नंदी की पूजा अर्चना कर रहे हैं। पर्व के मद्देनजर आज मिटटी से बने बैलों की खूब बिक्री हुई। वहीं दूसरी ओर महिलाओं का तीज के लिए मायके आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। पोला के तीन दिन बाद तीजा मनाया जाता है।





पोला जिसे स्थानीय बोली भाषा में पोरा ठिठोरा भी कहा जाता है छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण त्यौहार है। हरेली आमूस पर्व के एक माह के बाद खरीफ फसल के द्वितीय चरण का कार्य (निंदाई कोड़ाई) पूरा होने तथा फसलों के बढ़ने की खुशी में किसानों द्वारा बैलों की पूजा कर कृतज्ञता दर्शाते हुए यह त्यौहार मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि आज के दिन अन्न माता गर्भधारण करती हैं अर्थात धान की बालियों में दुध भरता है इसी कारण आज के दिन किसानों को खेत में जाने की अनुमति नहीं होती। पर्व के एक दिन पूर्व रविवार शाम माईजी की मंदिर में परंपरानुसार कुम्हारों की ओर से बनाकर दिए गए मिट्टी की हांडी में नए धान रखकर पूजा अर्चना कर माता को पारंपरिक व्यंजनों का भोग लगाया गया। जिसके बाद पूरे बस्तर अंचल में नवाखानी पर्व गांव गांव में मनाया जाएगा। पोला तिहार के दिन किसान अपने बैलों को नहलाकर सुंदर ढंग से सजा संवारकर उनकी पूजा करते हैं। पूर्व काल में इस दिन बैलों की दौड़ भी आयोजित किए जाने की परंपरा थी। इस पर्व में भगवान शंकर की नंदी अर्थात बैल की पूजा का विशेष महत्व है। त्यौहार के चलते आज सुबह से बाजारों में चहल पहल है। पोला के मददेनजर आज बाजारों में मिट्टी के आकर्षक नांदिया बैला, कुंडी-बुची समेत तरह तरह के मिट्टी के खिलौने बनाकर बिक्री के लिए कुम्हारों द्वारा लाया गया है। पोला पर्व में भी महंगाई की मार देखी जा रही है। पहले जहां 30 से 50 रूपए में नांदिया बैल मिल जाया करते थे वही आज बाजार में बैल 100 रूपए में बेचे जा रहे हैं। महंगी होने के बावजूद भी बच्चों ने खूब नांदिया बैला खरीदा। मिटटी से बने बैल जिसमें चक्के लगे होते हैं रस्सी से बांधकर खींचते हैं और लड़कियां पोरा जाता खेलती हैं और जांता पिसती हैं। पोला पर्व के दिन अंचल में घर घर में ढेढरी, खुरमी, गुलगुला बड़ा भजिया बनाया जाता है। पोला की रात गांव की गुडी में बैगाओं द्वारा पूरा करने की परंपरा है। जिस प्रकार पुत्री के गर्भवती होने पर सठौरी खिलाई जाती है उसी प्रकार फसल माता के गर्भ परिपूर्ण होने पर उसे विशेष व्यंजनों का भोग लगाया जाता है।

### तीज का बाजार सजा, बाजारों में बढ़ी चहल पहल

पोला पर्व के तीन दिनों बाद ही पति की दीर्घायु और सुख समृद्धि के लिए पहचाना जाने वाला महिलाओं का प्रमुख पर्व हरितालिका तीज मनाया जाएगा। जिसके मददेनजर बाजारों में चहल पहन काफी बढ़ गई है। त्यौहार के पूर्व बाजारों में श्रृंगार की सामग्री खरीदने महिलाओं की खासी भीड़ जूट रही है। श्रृंगार वस्तुओं के साथ ही साड़ियों व ज्वेलरी की खरीददारी में सुहागिनें व्यस्त दिखी। तीज पर्व पर श्रृंगार सामग्री का खास महत्व है। नगर के अधिकांश फैंसी स्टोर्स में श्रृंगार सामग्रियों की अच्छी खासी बिक्री हो रही है। पर्व के दो दिन पूर्व ही बाजारों में रौनक काफी बढ़ चुकी थी। चुड़ी, कंगन, सिंदूर, मेहंदी, नेलपालिश, की बिक्री के साथ ही साडियों व ज्वेलरी दुकानों में भी अच्छी खासी भीड़ देखी गई। त्यौहारी सीजन होने के चलते फल मार्केट में भी तेजी देखी जा रही है। फल फ्रूट के दामों में भी खासा इजाफा देखा गया है।

## एक नजर

### तीन साल से फरार नक्सली गिरफ्तार



**सुकमा 2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सीआरपीएफ 219, कोबरा 207 तथा जिला बल के विशेष प्रयास से फरार नक्सली गिरफ्तार हुआ है। जारी विज्ञप्ति अनुसार गिरफ्तार नक्सली वर्ष 2021 में ग्राम भेज्जी में दो पुलिस कर्मी की हत्या में शामिल रहा है। नक्सली कट्टम बुच्चा से पूछताछ करने पर विगत 6-7 वर्षो से नक्सली जनमिलिशिया सदस्य के रूप में नक्सली संगठन में कार्य करना एवं 15 अप्रैल 2021 को भेज्जी में अपने नक्सली साथियों के साथ मोटर सायकल सवार दो पुलिस कर्मियों की हत्या की घटना में शामिल होना स्वीकार किया है। कट्टम बुच्चा पिता कट्टम कन्ना उम्र 30 वर्ष निवासी-चिन्तागुफा थाना भेज्जी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया है।

### 2 लाख गबन के आरोप में फड़ मुंशी सहित फर्जी हितग्राही पर जुर्म दर्ज

**कोरबा, 2 सितंबर।** वन मण्डल कोरबा में तेंदूपत्ता संग्राहक महिला के नाम से नामिनी द्वारा फड़ मुंशी के साथ मिलकर सरकार की योजना में 2 लाख की बीमा राशि निकालकर गबन कर लेने का आरोप लगा हैं। दोनों पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के ग्राम फूलसरी, प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति कोल्गा का यह मामला है। बताया जा रहा हैं की शहीद महेंद्र कर्मा बीमा योजना की राशि 2,00,000/- को ग्राम फूलसरी के एक ग्रामीण के द्वारा फड़मुंशी के साथ मिलकर गबन किया गया। संग्राहक स्व. श्रीमती रंगमोती की मृत्यु वर्ष 2021 को हुई लेकिन उसका फर्जी संग्रहण दस्तावेज तैयार किया गया।

### भारत माता मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य का विधायक ने जायजा लिया

**कोरबा, 2 सितंबर।** जिले के कटघोरा तहसील मुख्यालय में राशि के अभाव में भारत माता मंदिर के अधूरे निर्माण को पूरा कराने के लिए? समिति के पदाधिकारियों ने विधायक से 10 लाख रूपए की मांग की ?थी, जो अब तक नही मिलने पर दोबारा मंदिर निर्माण के लिए राशि की मांग करने पहुंचे। जानकारी के अनुसार भारत माता मंदिर का निर्माण मातृ सेवा समिति एवं जन सहयोग से कराया जा रहा हैं। लेकिन रा?शि की कमी होने की वजह से इन दिनों निर्माण कार्य बंद पड़ा रहा हैं। मंदिर का निर्माण जल्द पूरा कराने के लिए समिति के पदाधिकारी कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से मुलाकात करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने पूर्व में मंदिर निर्माण के लिए विधायक से 10 लाख रूपए मांगने की जानकारी दी। जिसके बाद विधायक निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान धन्नू दुबे, राजेंद्र टंडन, संजय शर्मा, पार्षद अर्चना अग्रवाल, लक्ष्मी गर्ग, समरजीत के अलावा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

### जल प्रशोधन संयंत्र तक जल आपूर्ति के लिए लगाए पाइप की ऊंचाई घटाई गई डेढ़ फीट

**कोरबा, 2 सितंबर।** नगर में अब समय पर जल आपूर्ति शुरू हो गई है। इसके लिए नहर में जल प्रशोधन संयंत्र (वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट) तक पानी लेकर जाने लगाई गई पाइप की ऊंचाई डेढ़ फीट घटाई गई है। पाइप के फुटबॉल में जलकुंभी फंसने से हर डेढ़ घंटे में सफाई करनी पड़ रही थी। बारिश के मौसम बाद इसे फिर से नीचे किया जाएगा। कोहड़िया जल प्रशोधन संयंत्र (वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट) से शहर के सभी 67 वार्डों में जल आपूर्ति की जाती है। इसके लिए नहर के साथ सर्वेश्वर एनीकट से भी पानी लिया जाता है। भारी बारिश की वजह से दर्री बराज से बहकर पानी के साथ जलकुंभी भी आ रही थी, जो पाइपलाइन में फंस जाती थी। इसकी वजह से तीन दिन तक जल आपूर्ति प्रभावित रही। कभी दोपहर तो कभी रात के समय जल आपूर्ति की जाती रही थी, लेकिन अब जल आपूर्ति सामान्य हो गई है। नगर निगम के कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह ने बताया कि पाइप को ऊपर किया गया है। अब समस्या नहीं हो रही है। पानी भी नहर में कम आने से सफाई करने में दिक्कत नहीं हो रही है।

### निश्चित समय समय-सीमा में पूर्ण करें निर्माण कार्य : कलेक्टर

**कोरबा, 2 सितंबर।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को निश्चित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के साथ ही हैंड ओवर करने की भी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की है. उन्होंने निर्देश दिए कि गर्ल्स हॉस्टल, दिव्यांग विद्यालय के निर्माण कार्य अक्टूबर माह में हर हाल में पूर्ण करा लिए जायें। ईई पीएमजीएसवाई को निर्देश दिए कि कुदमुरा श्यांग मार्ग निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। पी एम जनमन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें। ईईआरईएस को निर्देशित किया कि आत्मानंद स्कूल के निर्माण कार्य अगले माह में पूर्ण कर लिए जाएं. ट्रांजिट हॉस्टल, आवास और विद्यालयों के निर्माण कार्य निश्चित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं. गृह निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि कन्वेंशन सेंटर को 10 दिवस में पूर्ण करके हैंड ओवर करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बड़े कार्यों के निर्माण कार्यों की अंतिम राशि के भुगतान हेतु जिला स्तरीय समिति गठित करके समिति के द्वारा कार्यों का सत्यापन कराया जाए। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि पीजी कॉलेज का निर्माण कार्य, जिला चिकित्सालय, अशोक वाटिका तथा एनसीडीसी के निर्माण कार्य निश्चित समय सीमा में दिसंबर तक पूर्ण कर लिए जाएं। ईई जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले में किसानों को लाभान्वित करने के लिए ऐसे उपयुक्त स्थलों का चयन किया जाए जहां पर एनीकट निर्माण किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए नगरीय निकाय के क्षेत्रों में जनहित कार्य जैसे सामुदायिक भवन, स्ट्रीट लाइट आदि के निर्माण कार्य निगम आयुक्त से चर्चा करके निर्माण कार्य कराएं। ईई आरइएस को निर्देश दिया गया है कि गांव में स्वीकृत नए स्कूल भवनों का निर्माण कार्य अप्रैल 2025 तक हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं ताकि नए शिक्षण सत्र सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# बस्तर संभाग के 7 लाख के ईनामी दो नक्सलियों ने बड़ी मात्रा में गोला-बारूद के जखीरे के साथ किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 2 सितंबर।** बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के गंगालूर एवं जगरगुंडा निवासी 7 लाख के ईनामी दो हार्डकोर नक्सली ओडिशा के बीबीएम (बालंगीर- बारगढ़ - महासमुंद) एलओएस में सक्रिय थे, जिसमें महिला नक्सली का नाम अमिला उर्फ पारो उर्फ पूजा ताटी है तथा दूसरे नक्सली रघु उर्फ सैतू पदम दोनो ने एक एके 47 के 15 कारतूस और 9 एमएमण. पिस्टल के साथ संबलपुर (ओडिशा) आईजी और बरगढ़ एसपी के समक्ष बरगढ़ में दोनो ने आत्मसमर्पण कर दिया है। दोनो पर क्रमश- तीन और चार लाख का इनाम घोषित है। दोनो नक्सलियों ने बड़ी मात्रा में गोला-बारूद के जखीरे के साथ आत्मसमर्पण किया है।



बरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला नक्सली अमिला छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर इलाके की निवासी है वर्ष 2008 से दोनो नक्सली संगठन में सक्रिय रही। बरगढ़ इलाके में 35 विभिन्न मामलो में वांछित थी, जिनमें 15 से अधिक मुठभेड़ भी शामिल है। ओडिशा पुलिस ने इस महिला नक्सली पर चार लाख का इनाम घोषित किया हुआ है। एक अन्य नक्सली रघु उर्फ सैतु पदम जो कि बस्तर के सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके का निवासी है, वह ओडिशा के बालंगीर एरिया कमेटी के मेंबर के रूप में वर्ष 2010 से सक्रिय था। ओडिशा में वह 8 वारदातो में शामिल था, जिसमे हत्या का भी एक मामला शामिल है। इस पर ओडिशा पुलिस ने तीन लाख का इनाम घोषित कर रखा था। संबलपुर एसपी के अनुसार दो समर्पित ने एके 47 के 15 कारतूस और एक 9 एमएम. पिस्टल के साथ पुलिस के समक्ष समर्पण किया है। महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि छग सरकार लगातार नक्सलियों से आत्मसमर्पण की अपील कर रही है, लेकिन अब तक बड़े नक्सली तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में आत्मसमर्पण करते थे। पहली बार हथियारों के साथ बस्तर के दो नक्सलियों ने ओडिशा में समर्पण किया है। छग में नई पुनर्वास नीति की जरुरत महसूस की जा रही है। ताकि यहां ज्यादा समर्पण हो सके।

# धर्मांतरण के बाद ईसाई पास्टर के रूप में कार्यरत संपत ने मूल धर्म में वापसी कर सामाजिक बदलाव का दिया संकेत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 2 सितंबर।** बस्तर संभाग के ग्रामीण इलाकों में धर्मांतरण के मामले को लेकर चल रहे मुहीम का असर अब दिखने लगा है, इसी कड़ी में जिले के ग्राम छापर भानपुरी में धर्मांतरण के बाद ईसाई पास्टर के रूप में कार्यरत संपत मंडावी ने अपने मूल धर्म में वापसी करते हुए सभी को चौंका दिया है। संपत मंडावी, जो कई वर्षों से ईसाई धर्म के प्रचारक और पास्टर के रूप में कार्यरत था, उसने एक समारोह में अपने परिवार के साथ वापस अपने मूल धर्म में वापसी की घोषणा की।इस दौरान ग्राम छापर भानपुरी के मुन्ना कश्यप, जीवनाथ मौर्य, संतोष जैन, लल्लू कश्यप, हेमचंद सोम, गणपति सोम, बोंजा सिरहा सहित कई समाज के बुद्धिजीवी और प्रमुख लोग मौजूद थे। सभी ने संपत मंडावी के फैसले का स्वागत किया और इसे समाज के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। इस घटनाक्रम से ग्राम छापर भानपुरी और आस-पास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बन हुआ है, लोगों का कहना है कि पास्टर के रूप में कार्यरत संपत मंडावी का निर्णय एक महत्वपूर्ण सामाजिक बदलाव का संकेत है। ईसाई पास्टर रहे संपत मंडावी ने बताया कि कुछ वर्षों पहले उन्होंने लोभ और चंगाई के बहाने ईसाई धर्म अपना लिया था। इसके बाद वे न केवल ईसाई धर्म के अनुयायी बने रहे, बल्कि उन्हें पास्टर की जिम्मेदारी भी सौंपी गई, जिसके तहत उन्होंने ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार भी किया। लेकिन समाज के प्रमुख लोगों से चर्चा के बाद संपत मंडावी को यह एहसास हुआ कि वे अपनी मूल संस्कृति और धर्म से कोसों दूर हो गए हैं। उन्होने कहा कि समाज के बुद्धिजीवियों ने हमें हमारी आदिवासी संस्कृति और रीति-रिवाजों को गंभीरता से समझाया, जिसके बाद मैंने फैसला किया कि मुझे मेरे मूल धर्म में ही वापस लौटना चाहिए। संपत मंडावी ने धर्मांतरण किए हुए सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे भी अपने मूल धर्म में लौट आएं और अपनी संस्कृति को पुन- अपनाएं।



### सुदूरवर्ती ग्राम मोहंदी पहुंची योजनाएं, जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

**नारायणपुर 2 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई नियद नेल्लानार योजना' के तहत नारायणपुर जिला प्रशासन ने पहली बार सुदूरवर्ती ग्राम मोहंदी में शिविर का आयोजन किया। इस योजना के अंतर्गत माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में 14 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं, जिनके पांच किलोमीटर की परिधि में बसे गांवों में 25 से अधिक मूलभूत सुविधाएं और 32 व्यक्ति मूलक योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाया जा रहा है। नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखंड में ग्राम पंचायत कुतुल के आश्रित ग्राम मोहंदी में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र और वृद्धा पेंशन योजना वन अधिकार पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का वितरण किया गया और आवेदन लिया गया।

## समाचार संक्षेप

### बिना रायल्टी चुकाए तेंदूपत्ता का बनाया जा रहा बंडल



**सुकमा 2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के वन मंडल वन विभाग सुकमा संघ गोदाम सुकमा मे वन विभाग की बड़ी लापरवाही बिना रायल्टी चुकाय हजारों बोरा बाहर निकाल कर ठकेदार द्वारा बंडल बनया जा रहा है और लैबर द्वारा गोदाम के बरामदे मे ही चूल्हा जलाया जा जब की करोड़ो रूपये का तेंदु पत्ता गोदाम मे है अन्य ठेकेदार का भी पत्ता है जिस के जलने की असंका है पूर्व मे भी गोदाम जल चूका है फिर भी वन विभाग मोन है किसी बड़े हातसे का इंतजार कर रहे है गोदाम प्रभारी से पूछने पर कहा गया मुझे क्या करना जब की नियम के तहत गोदाम के 100 मीटर मे आग लगाना एवं आग जलाने की अनुमति नहीं होती है फिर भी 2 महीने से लैबर रह कर चूल्हा जला रहे है मरईगुड़ा से कोतुरु गंगलेर जगाराम सोमलगुड़ा वनकामडगु 6 7 गांव जाने की रोड द्य न डमरीकरण हुआ न पूल बना द्य बिजली भी नही हैं द्य यहां के लोग हॉस्पिटल या मार्केट, राशन लेने जाने के लिए भी जान जोकिम में लगाकर नदी नाला पार करते हैं।

### ग्राम रोजगार सहायक संघ के पदाधिकारी नियुक्त किए गए



**सुकमा 2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत छिन्दगढ़ ब्लाक छिन्दगढ़ जिला सुकमा में ग्राम रोजगार सहायक संघ का आज दिनांक 30/08/2024 को छिन्दगढ़ माता मंदिर में नए पदाधिकारी का गठन हेतु बैठक रखा गया था जिसमें सभी रोजगार सहायक संघ के सहामति से अध्यक्ष पद एवं अन्य पदों का विस्तार किया गया है निम्नानुसार -अध्यक्ष - श्री सुकालूराम बघेल उपाध्यक्ष - श्री हडमा मरकाम सचिव -श्री हिंगा मण्डावी कोषाध्यक्ष - कु उर्मिला उपकोषाध्यक्ष -श्री सन्तोष नाग मिडिया प्रभारी -श्री उदय नाग संरक्षक -श्री महादेव नाग,श्री जोगाराम मुचाकी सदस्य श्री रामू नाग, श्री शीवराम मांझी, श्री मनिष बघेल।

### एनएमडीसी प्रबंधन ने कलेक्टर के लगाये गए जुर्माने को किया खारिज

**जगदलपुर 2 सितंबर।** कलेक्टर दंतेवाड़ा कार्यालय ने अपने पत्र दिनांक 29.08.2024 के माध्यम से रेलवे ट्रांजिट पास (आरटीपी) के बिना लौह अयस्क के कथित परिवहन और इस प्रकार विभिन्न खनन कानूनों के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के लिए 1620.5 करोड़ रुपये का जुर्माना और मुआवजा लगाने का प्रस्ताव दिया है। यह सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया जाता है कि वर्तमान मामले में तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार किए बिना केवल और बिना देखे जुर्माना और मुआवजे की मांग के लिए लागू नोटिस के माध्यम से मुआवजा और जुर्माना लगाना पूरी तरह से अनुचित है। यह विशेष रूप से कहा गया है कि जिला प्राधिकरण, दंतेवाड़ा द्वारा कारण बताओ नोटिस में लगाए गए किसी भी परिवहन मात्रा उल्लंघन को निम्नलिखित तथ्यों के साथ सह-संबंधित किया जाना चाहिए -

एनएमडीसी लिमिटेड भारत सरकार के पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) से वैध खनन पट्टे, अनुमोदित खनन योजना, सीटीओ, सीटीई, पर्यावरण मंजूरी और वन मंजूरी के साथ प्रचालन कर रहा है। छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन एवं भंडारण) नियम, 2009 के नियम 2, उप नियम 1 (डी) के अनुसार निक्षेपवार, ग्रेडवार और उत्पादवार अग्रिम रॉयल्टी का भुगतान किरंदुल कॉम्प्लेक्स, एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा खनिज के माध्यम से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को ऑनलाइन पोर्टल और अग्रिम रॉयल्टी के भुगतान के बाद, ई-परमिट नंबर जेनरेट किए जा रहे हैं। चूंकि एनएमडीसी उपरोक?त उल्लिखित बिंदु क्रमांक 2 के अनुसार अग्रिम रॉयल्टी भुगतान कर रहा है, इसलिए बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स ने रेलवे ट्रांजिट पास (आरटीपी) के बिना लौह अयस्क के कथित परिवहन के लिए छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन और भंडारण) नियम 2009 का कोई उल्लंघन नहीं किया है। राज्य सरकार रॉयल्टी मूल्यांकन के समय हर छह महीने में इन अभिलेखों का सत्यापन करती है और राज्य सरकार द्वारा अब तक एक भी आपत्ति नहीं उठाई गई है, जिससे जानकारी मिलती है कि बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स द्वारा कोई उल्लंघन नहीं किया गया है। तकनीकी रूप से, लौह अयस्क ग्रेड को अंतिम रूप देने में समय लगता है, जिससे रेलवे ट्रांजिट पास (आरटीपी) के निर्माण में 2-3 दिनों की देरी होती है। हालाँकि, इससे राज्य के खजाने को कोई नुकसान नहीं होता है। एनएमडीसी इस संबंध में जिला कलेक्टर, दंतेवाड़ा को उपयुक्त जवाब प्रस्तुत कर रहा है।

### चातुर्मास पर्व पर 5 सितंबर को अध्यात्मिक दिव्य सत्संग एवं शिक्षक सम्मान समारोह कबीर आश्रम पेंडरी में

**राजनांदगांव 2 सितंबर।** जिला राजनांदगांव के सुकूलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/ आश्रम पेंडरी में चातुर्मास पर्व पर अध्यात्मिक दिव्य सत्संग एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन आगामी दिनांक 05 सितम्बर 2024 दिन- गुरुवार को दोपहर समय- 01 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। ज्ञात हो कि एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/ आश्रम- पेंडरी में विगत सात -आठ वर्षो से गुरु पूर्णिमा महोत्सव से चातुर्मास पर्व पर अध्यात्मिक दिव्य सत्संग का आयोजन किया जाता हैं, इनके साथ ही प्रत्येक माह/ पखवाड़ा पर विशेष पर्वो पर अलग अलग आयोजन होता रहता है।

### बिजली हादसों को रोकने कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा, 31 अगस्त।** एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम संयंत्र के ओआरटी कक्ष में जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्युत हादसों की प्रभावी रोकथाम व इनकी वजह से होने वाली जानमाल की क्षति से बचाव को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर बिजली संरक्षा अधिकारी आईपीएस श्री पैकरा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल कर्मचारियों, ठेका कर्मियों को हाईवोल्टेज बिजली उपकरणों के सुरक्षित उपयोग करने की विधि से अवगत कराया गया।

## भाजपा महिला मोर्चा के तीज महोत्सव में शामिल हुई महिला एवं बाल विकास मंत्री

# तीजा त्यौहार हमारी संस्कृति को संजोकर रखने का एक माध्यम हैं : लक्ष्मी राजवाड़े

**कोरिया 2 सितंबर।** बैकुंठपुर स्थित मानस भवन में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित तीज महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीज त्यौहार ने हमें हमारी सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक मूल्यों की एक बार फिर याद दिलाई और हमारे समाज में महिलाओं की शक्ति और एकता की भावना को मजबूती प्रदान की।



तीज महोत्सव के इस भव्य आयोजन ने दर्शाया कि पारंपरिक पर्व और उत्सवों का आयोजन कैसे हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने और समाज में सामंजस्य बनाए रखने में मदद करता है। इस कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं एवं महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला और सांस्कृतिक ज्ञान का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं, जैसे कि पारंपरिक तीज गीत, नृत्य, सजावट और खेल, ने इस उत्सव को और भी जीवंत बना दिया। महिला मोर्चा की पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। उनकी समर्पण और लगन ने इस आयोजन को एक विशेष अवसर बना दिया। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी को स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट किए गए। जो इस आयोजन के प्रति उनके सम्मान और आभार का प्रतीक था।

कार्यक्रम के आयोजन में शामिल सभी अतिथियों और भागीदारों ने एक साथ मिलकर तीज की खुशियों का आनंद लिया और पारंपरिक पर्व की गरिमा को बनाए रखा। यह आयोजन एक सकारात्मक संदेश देने में सफल रहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सहयोग और एकता कितनी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री राजवाड़े ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा के इस सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त करती हूं। इस महोत्सव ने हमें यह याद दिलाया कि हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रख सकते हैं और एकजुट होकर सामूहिक खुशियाँ मना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रमोट करने के लिए होते रहेंगे। आप सभी को इस विशेष पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएँ और भविष्य में भी इसी प्रकार के उत्सवों की प्रतीक्षा रहेगी। इस अवसर पर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित भारी संख्या महिलाएं मौजूद रहीं।

# देहदान कर समाज के लिए मिसाल पेश कर गए रिटायर्ड शिक्षक गंगाधर पदमवार



**महासमुंद,2 सितंबर।** कहा जाता है कि, देहदान सबसे बड़ा महादान है। और जो व्यक्ति एक बार अपना देहदान कर लें, वह समाज के लिए मिसाल बन जाता है। कुछ इसी तरह का दृश्य महासमुंद में देखने को मिला है। जहां आज महासमुंद मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग में देहदान किया गया। यह देहदान महासमुंद शहर कि बीटीआई रोड निवासी 69वर्षीय स्व.गंगाधर पदमवार का है, जो रिटायर्ड शिक्षक थे। स्वर्गीय गंगाधर पदमवार ने शिक्षक रहते हुए तो अपना फर्ज तो निभाया ही, दुनिया से अलविदा करने के बाद भी बच्चे मेडिकल की पढ़ाई उनके पार्थिव शरीर से कर सके, इसके लिए उन्होंने डेढ़ साल पहले ही मेडिकल कॉलेज महासमुंद में अपने देहदान की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। उनके इस निर्णय में पहले तो परिवार वाले खुश नहीं थे, लेकिन किसी तरह से उन्होंने अपने परिवार के सभी सदस्यों को मना लिया। बुजुर्ग होने के कारण स्वर्गीय श्री पदमवार को बीपी शुगर की समस्या थी। जिसके चलते उन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिनका आज सुबह स्वर्गवास हो गया। इसके बाद परिजन पार्थिव शरीर घर लेकर पहुंचे, जहां दोपहर तक उनके अंतिम दर्शन के पश्चात, पार्थिव शरीर को उसके परिजनों ने महासमुंद मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया है, जहां एनाटॉमी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने परिजनों का सम्मान किया और शव को सुरक्षित टैंक में रख दिया है। गौरतलब है कि, स्वर्गीय गंगाधर पदमवार 69साल के थे और रिटायर्ड शिक्षक थे। उनके पीछे उनकी धर्मपत्नी सिंधु पदमवार, एक बेटा प्रवेश पदमवार जो कि आईआईएम रायपुर में प्रोफेसर के पद पर है। वहीं एक बेटी सुरुचि पदमवार के साथ भरा-पूरा परिवार अपने पीछे छोड़ गए हैं। इस दौरान स्वर्गीय गंगाधर पदमवार के बेटे और बेटी ने भावुक मन से कहा कि, उनके पापा के इस निर्णय में वे उनके साथ है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ ओमकार कश्यप से चर्चा के बाद देहदान के लिए इंस्पायर हुए थे। उनके इस देहदान से कई मेडिकल के छात्र पढ़ाई कर अपना भविष्य बनाएंगे। वहीं एनाटॉमी विभाग के प्रोफेसर डॉ कुंज बिहारी पटेल ने कहा कि, हम सभी अपने रीति रिवाज के बीच किसी न किसी समाज के रिवाजों में फंसे रहते हैं। लेकिन यदि हम उससे ऊपर उठकर देखें तो देहदान से बड़ा दान कुछ नहीं है। इससे पहले भी मेडिकल कॉलेज महासमुंद को करीब 10 से 11 देहदान मिल चुके है, जिन्हें सुरक्षित रखा गया है। इससे मेडिकल के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, भविष्य में सैकड़ो बच्चे मेडिकल की पढ़ाई कर स्पेशलिस्ट बनकर निकलेंगे, और लोगों की रक्षा करेंगे। उन्होंने देहदान करने वालों को समाज के बीच अमर बताया, और लोगों को इस दिशा में अपनी सोच बदलकर आगे आने की अपील की।

## एक नजर

### नवपदस्थ कलेक्टर संबित मिश्रा ने पदभार ग्रहण किया



**बीजापुर 2 सितम्बर।** नवपदस्थ कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने शनिवार दिनांक 31 अगस्त को पदभार ग्रहण कर लिया। श्री संबित मिश्रा भारतीय प्रशासनिक सेवा 2018 बैच के अधिकारी हैं इससे पूर्व कोरबा जिले में सीईओ जिला पंचायत के पद पर पदस्थ थे।कलेक्टर श्री संबित मिश्रा को सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने ससम्मान स्वागत कर नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी।

### चक्रधर समारोह के भव्य आयोजन की तैयारी जोरों पर

**रायगढ़, 2 सितम्बर।** इस वर्ष 39 वां चक्रधर समारोह पूरी गरिमा और भव्यता के साथ रामलीला मैदान में 7 से 16 सितंबर तक आयोजित होने जा रहा है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त और कला जगत के कई प्रसिद्ध कलाकार इसमें शिरकत के लिए पहुंच रहे हैं। 10 दिवसीय आयोजन का शेड्यूल जारी हो चुका है। शास्त्रीय संगीत से जुड़े नृत्य, गायन और वादन के साथ विभिन्न लोक विधाओं का जीवंत मंचन यहां देखने को मिलेगा।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के अनुरूप आयोजन स्थल पर भव्य पंडाल और मंच तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है। श्रमिक दिन रात इस काम में जुटे हुए हैं। ईई पीडब्ल्यूडी श्री अमित कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर वाटर प्रूफ पंडाल तैयार किया जा रहा है। जो कि लगभग 29 हजार स्क्वायर फीट में तैयार हो रहा है। जिसमें मुख्य डोम लगभग 22 हजार स्क्वायर फीट का है, जो कि वाटर प्रूफ है। जिसके बाद पीछे 3 हजार स्क्वायर फीट वाटर प्रूफ पंडाल भी तैयार किया जाएगा। इसके अलावा दोनों बाजू में मिलाकर साढ़े 4500 स्क्वायर फीट का अतिरिक्त पंडाल भी तैयार किया जा रहा है। मंच के पीछे कलाकारों के ग्रीन रूम भी रेडी किए जा रहे हैं। रामलीला मैदान को सुखा लिया गया है। यहां मिट्टी डाली गई है जिसे रोलर चलाकर समतल किया जा रहा है। इसके अलावा बारिश के मद्देनजर पंडाल के दोनों बाजू में नाली बनाकर पानी निकासी की व्यवस्था भी तैयार कर ली गई है। जिससे बारिश होने पर साइड से पानी अंदर न घुसे।कुश्ती-कबड्डी के लिए अलग पंडाल तैयार-चक्रधर समारोह में कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन होना है। इसके लिए भी मैदान के एक हिस्से में तैयारी की गई है।

### इंडियन ऑयल और आरबीएल बैंक ने को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया, ग्राहकों को सालाना 250 लीटर तक मुफ्त पेट्रोल की पेशकश

**मुंबई, 2 सितंबर।** भारत की ऊर्जा प्रमुख कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (ळतन्न) में आरबीएल बैंक के साथ साझेदारी में एक को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य कार्डधारकों को आकर्षक इनाम और लाभ प्रदान करना है, जिससे वे सालाना 250 लीटर तक मुफ्त पेट्रोल कमा सकते हैं। ग्राहक अपने वित्त और ईंधन खरीदारी को एक ही प्लेटफार्म के माध्यम से प्रबंधित कर सकते हैं, साथ ही हर लेनदेन पर मूल्यवान रिवॉर्ड पॉइंट्स भी कमा सकते हैं।इस को-ब्रांड कार्ड की विशेषताओं को उजागर करते हुए, इंडियनऑयल के कार्यकारी निदेशक (रिटेल ट्रांसफॉर्मेशन) श्री एन डी माथुर ने कहा, ÷इंडियनऑयल में, हम हमेशा अपने खुदरा आउटलेट्स पर अपने सम्मानित ग्राहकों के लिए एक सहज ईंधन अनुभव और उन्नत मूल्य प्रस्ताव प्रदान करने का प्रयास करते हैं। यह रणनीतिक साझेदारी उस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है और हमें विश्वास है कि आरबीएल बैंक के साथ यह सहयोग हमारे ग्राहकों के लिए हमारी उन्नत पेशकशों में एक परिपूर्ण जोड़ है।सहयोग के बारे में बात करते हुए, आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड्स प्रमुख, बिक्रम यादव ने कहा, ÷पिछले 10 वर्षों में, भारत की बढ़ती वृद्धि ने आम नागरिकों की जीवनशैली को उन्नत किया है। औसत आय में वृद्धि और सभी वर्गों में वाहनों की बढ़ती उपलब्धता के साथ, ईंधन खर्च भारतीय उपभोक्ताओं के मासिक खर्चों में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बन गया है। हमारे मौजूदा 5 मिलियन से अधिक क्रेडिट कार्ड्स के पोर्टफोलियो में ईंधन सबसे तेजी से बढ़ने वाली श्रेणियों में से एक है।

# 5 से अग्रोहाधाम में पितृगणों के मोक्षार्थ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन





**रायगढ़, 2 सितंबर।** शहर के प्रतिष्ठित दादरीवाल गर्ग परिवार के श्रद्धालुग अपने पितृगणों के मोक्षार्थ निमित 5 से 11 सितंबर तक सात दिवसीय पावन संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करा रहे हैं। व्यासपीठ पर विराजित होंगे कोलकाता के सुप्रसिद्ध श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा व शिवमहापुराण कथा वाचक पं शिवम विष्णु पाठक श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन अग्रोहा धाम में दोपहर तीन से सात बजे तक आयोजित होगी व युवा भागवत एवं राम प्रवक्ता पं शिवम विष्णु पाठक अपने दिव्य प्रवचनों से दादरीवाल गर्ग परिवार के श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे।

यह होगा कार्यक्रम - पावन संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत आगामी 5 सितंबर को कलश यात्रा राम मंदिर, गांधी गंज से प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगी।इसके पश्चात श्री महाभागवत, महात्म्य आत्मदेव प्रसंग महाभारत प्रसंग सुकदेव आगमन की कथा होगी व शुक्रवार 6 सितम्बर कोकपिल भीता. शिव सती चरित्र भरत चरित्र ध्रुव चरित्र कथा, शनिवार 7 सितम्बर को जड़ भरत चरित्र. अजामिल प्रसंग प्रहलाद चरित्र, नृसिंह अवतार श्रीवामन अवतार कथा, रविवार 8 सितम्बर को श्रीराम अवतार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा, सोमवार 9 सितम्बर को श्री कृष्ण बाललीला, मथुरा गमन कंस वध,श्री गोवर्धन लीला महोत्सव दप्पन भोग कथा इसी तरह मंगलवार 10 सितम्बर को भगवान श्रीकृष्ण के अन्य विवाह राजसूय यज्ञ उद्धव गोपी संवाद. स्कमणी विवाह कथा व बुधवार 11 सितम्बर को उद्धव गीता भगवान का स्वधाम गमन, परीक्षित मोक्ष, सुदामा चरित्र व श्री सुकदेव जी गमन की कथा होगी व आगामी सोमवार, 7 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से स्थान अग्रोहाधाम, रायगढ़ में महाभंडारा का आयोजन होगा ।

### 3 व 4 को अग्रोहा भवन में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर

**रायगढ़, 2 सितम्बर।** शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति नरेंद्र रतेरिया की अभिनव पहल से शहर के गौरीशंकर मंदिर के पास अग्रोहा भवन में नस संबंधित विभिन्न समस्याओं के लिए व समाज के लोगों को स्वास्थ्य संबंधित राहत देने के पवित्र उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आगामी 3 व 4 सितंबर को किया जा रहा है। वहीं 3 सितंबर को दोपहर 12.15 से रात्रि 8 बजे तक स्थानीय लोगों के लिए होगा और स्थानीय व बाहर से आए मरीजों की जांच आगामी 4 सितंबर को सुबह 10.15 से दोपहर 2 बजे तक जांच की जाएगी।

नामचीन चिकित्सक करेंगे जांच-नरेंद्र रतेरिया ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर पूज्य पिताजी दीनदयाल की प्रेरणा से किया जा रहा है। वहीं इस शिविर में प्राचीन वैदिक पद्धति से शरीर के नसों की विभिन्न समस्याओं का उपचार किया जाएगा । शिविर में जबलपुर निरोगा धाम के सुप्रसिद्ध नसों के चिकित्सक डॉ सर्वेश वर्मा शिरकत करेंगे जो नसोंए घुटनेए कमर पीठ व गठिया रोग व अन्य समस्याओं में बड़ों व छोटे बच्चों का जांच उपचार कर समाज के लोगों की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले में निकाली गई साक्षरता रैली



**बीजापुर,2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बीजापुर जिले में साक्षरता रैली का आयोजन हुआ जिला कार्यालय परिसर में नवपदस्थ कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं लोगो को शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने का संदेश दिया।राष्ट्रीय शिक्षा नीति ह्श्वक्क 2020 द्वारा अनुशंसित समाज में सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्र प्रायोजित योजना उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम लागू किया गया है। इस योजना के पांच घटक अर्थात बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल एवं सतत शिक्षा है।उक्त कार्यक्रम के प्रति जनमानस का ध्यान आकर्षित करने व सभी वर्गों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए 1 से 8 सितम्बर 2024 तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। जिसका समापन 8 सितम्बर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस ढ्ढ्ढ के रूप में होगा। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सप्ताह भर चलने वाले साक्षरता अभियान की गतिविधियों की एक श्रृंखला होगी जिसे पूरे देश के साथ हमारे प्रदेश में भी आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन जिला, ब्लॉक, नगरीय क्षेत्रों तथा ग्राम पंचायत के साथ-साथ प्रदेश के सभी शासकीय अनुदान प्राप्त एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं में किया जाना है।उक्त अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

# जिंदल आशा के विशेष बच्चे करेंगे राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व



**रायगढ़, 2 सितम्बर।** जेएसपी फाउंडेशन द्वारा विशेष बच्चों के लिए संचालित संस्था जिंदल आशा के 3 विशेष बच्चों का चयन स्पेशल ओलिंपिक भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बोक्के स्पर्धा के लिए हुआ है। स्पर्धा का आयोजन मध्यप्रदेश के ग्वालियर में किया गया हैए जहां रायगढ़ के ये विशेष बच्चे छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जेएसपी फाउंडेशन द्वारा समाज के सभी वर्गों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष बच्चों के संपूर्ण विकास के उद्देश्य के साथ संचालित जिंदल आशा केंद्र भी जेएसपी फाउंडेशन के प्रमुख कार्यक्रमों में से है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 3 विशेष बच्चों मंजेश कुमार यादव, अहिल्या साव और मुस्कान सिंह का चयन स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बोक्के स्पर्धा के लिए हुआ है। स्पर्धा 1 से 5 सितंबर के बीच ग्वालियर में आयोजित की गई है। इसमें हिस्सा लेने के लिए तीनों विशेष बच्चे मैनेजर एवं प्रशिक्षक के साथ रविवार को ग्वालियर के लिए रवाना हुए। जिंदल आशा विशेष बच्चों को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। यहां विशेष बच्चों को प्रारंभिक हस्तक्षेप, फिजियोथेरेपी, व्यवसायिक चिकित्सा, विशेष शिक्षा, भाषा चिकित्सा, व्यवसायिक एवं कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। विशेष बच्चों की खेल स्पर्धाओं के लिए भी इन बच्चों को प्रशिक्षित किया जाता है। जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिंदल के मार्गदर्शन में विशेष बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुकूल संवेदनशीलता के साथ प्रशिक्षण देने के साथ ही प्रेरित एवं प्रोत्साहित भी किया जाता है। इसकी सुखद परिणीति है कि रायगढ़ के ये विशेष बच्चे अब रायगढ़ के साथ ही प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। जिंदल स्टील एंड पॉवर, रायगढ़ संयंत्र के कार्यपालन निदेशक पीके बीजू नायर ने इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए विशेष बच्चों की टीम को रवाना किया।

# 20 साल बाद पालनार के पोंगलपारा में पहुंची रोशनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के अति संवेदनशील पालनार गांव के.पोंगल वाया पारा मे एक सेवानिवृत्त विधुत कर्मचारी के जुनून से दो हप्ते के अथक प्रयास से वहाँ के 28 घरों में रोशनी पहुंची है ये वहां के.ग्रामीणों के लिए बडे ही खुशी का समय है यहाँ बता दे पालनार का यह क्षेत्र एक समय नकसलियों का गढ कहलाता था और पहले यहां विधुत लाईन भी थी लेकिन नकसलियों ने विधुत लाईन को धवस्त कर दिया था तब से लेकर अब तक यह क्षेत्र अंधेरे मे डूबा हुआ था अब जब से यहां ष्ह्श्वद्ध की केंप बैठी है हालात मे सुधार आया है और ग्रामीण भी शासकीय योजनाओं का लाभ लेने आगे आ रहे है ऐसी बदली परिस्थितियों के बाद ग्रामीणों मे जागरूकता आई है इसी के परिणाम स्वरूप अब क्षेत्र में बिजली की आवश्यकता महसूस होने लगी ग्रामीणों की मदद विधुत कर्मचारियों के जज्बे से एक सेवानिवृत्त विधुत कर्मचारी सोनसाय बाकडे ग्रामीणों की मंशा के अनुरूप अपने साथियों के साथ ग्रामीणों के सपने को साकार करने का बीडा उठाया और महज दो हफ्ते में पालनार के पोंगलवाया पारा मे बिजली पहुंचा के ही दम.लिया खुद सोनसाय बाकडे ने स्वीच आन कर ग्रामीणों को बिजली की सौगात दी और यही नहीं बल्कि अपने सेवा काल के अंतिम दिन पालनार क्षेत्र के ग्रामीणों को अंधेरे से निजात दिलाकर गांव को रोशन किया उनके इस जज्बे मे साथीकर्मचारियों ने भी अहम भूमिका निभाई है सभी के सहयोग से इस काम में सफलता मिली है

### कलेक्टर पाण्डेय को परधान समाज ने सम्मानित कर स्मृति चिन्ह किया भेंट



**बीजापुर,2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुरुवार को मिनी स्टेडियम में आयोजित विदाई समारोह में परधान आदिवासी समाज के अध्यक्ष कंडिक नारायण के नेतृत्व में समाज द्वारा कलेक्टर अनुराग पांडेय को भावभीनी आत्मीय विदाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है। सर्व समाज की ओर से मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में सभी समाज प्रमुखों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में परधान समाज के प्रतिनिधियों ने जिले के कलेक्टर अनुराग पांडेय की सफलतम कार्यकाल के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हे समाज की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में कलेक्टर पांडेय ने कहा कि बीजापुर में सेवा करने का बहुत कम समय मिला पर आप लोगों का सम्मान को मै नहीं भूल पाऊंगा मेरे साथ यहां को यादें हमेशा रहेगी। पहली बार ऐसा हुआ की सर्व समाज ने किसी प्रशासनिक सिविल सेवा से जुड़े जिले के अधिकारी को इस तरह आत्मीय विदाई दिया गया इस दौरान परधान समाज के अध्यक्ष कंडिक नारायण, गोरला शंकर, श्रवण सेंड्रा विश्वास राव तोगर सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

### शिक्षक संघ प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भोपालपटनम में डी राय का स्वागत



**बीजापुर,2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के द्वारा श्री के.डी राय को प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भोपालपटनम के शिक्षकों ने बी.आर. सी. कार्यालय भोपालपटनम में भव्य स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर भोपालपटनम के शिक्षकों ने के.डी राय के ब्लाक, जिला, संभाग स्तर पर विभिन्न पदों पर रहते हुए उनके सराहनीय कार्यों को याद किया गया। स्वागत सम्मान समारोह में विकासखण्ड के बहुत सारे नव नियुक्त शिक्षकों ने आजीवन सदस्यता ग्रहण किया। कुछ पुराने शिक्षक जो सदस्यता ग्रहण नही किये थे, उन्हें भी सदस्यता दिलाई गई। के.डी राय ने कहा कि शिक्षक संघ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संघ है। जिसके बैनर तले शिक्षकों की बड़ी से बड़ी समस्यओं का निराकरण किया जा चुका है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोहन राव, जिला सचिव एच.के. झाड़ी, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण लाल कुड़ेम छ.ग.प्र.तृ.व.शा.क. संघ भोपालपटनम के ब्लॉक अध्यक्ष श्रीनिवास एट्ला, वि.ख भैरमगढ़ सचिव एन. के शोरी, वरिष्ट शिक्षक एम.एल. मण्डावी, यालम शंकर, श्रीमती सुशीला लम्बाड़ी, आदि बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकएं उपस्थित रहे।

# नेशनल हाईवे 12 घंटे बंद रहा



**भोपालपटनम, 2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ को महाराष्ट्र से जोड़ने वाली नेशनल हाईवे 63 पर 12 घंटे अवागमन बंद रहा बंद रहा, 2 दिन से ट्रेलर फंसा था उसके पास दो अन्य ट्रक रात में फंसने के कारण सुबह तक नेशनल हाईवे बंद रहा,महाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्र पता गुनाम से सोमनपल्ली के बीच बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं इन गढ़ों में ट्रेलर फंसने की वजह से अवागमन पूरी तरह बंद था महाराष्ट्र के सिरोंचा, हैदराबाद,वारंगल,मंचिर्याल, आसिफाबाद,चंद्रपुर नागपुर की ओर जाने वाले वाहन जाम में फंसे रहे, गुणवत्ताहीन कार्य और ओवरलोडिंग वाहनों के आगमन से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसमें वाहन फंस रहे हैं आवागमन बंद होने से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस सड़क में गर्मी के समय ही गढ्ढे को भरने का कार्य किया गया था ज्ञात हो कि तेलंगाना व महाराष्ट्र से सड़क मार्ग को जोड़ने के बाद भोपालपटनम के रास्ते से बड़े-बड़े टिप्पर व अन्य वाहनों की आवाज आई हो रही है



### कलेक्टर ने जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का किया औचक निरीक्षण

**बीजापुर 2 सितम्बर।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जिला कार्यालय के सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निर्वाचन शाखा, भू-अभिलेख, कार्यालय सहायक आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग, जनसंपर्क विभाग सहित जिला कार्यालय के सभी विभागों का अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर श्री नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### बीमार आदिवासी महिला को रस्सी और खाट के सहारे नदी पार करा,एंबुलेंस तक पहुंचाया



**बीजापुर, 2 सितंबर।** लाख सरकारी दावों के बीच आज बीजापुर में उसूर ब्लॉक के गांव मारुड़बाका से सरकार की सिस्टम की पोल खोलती एक तस्वीर सामने आई है। जहाँ एक महिला जोगी पोडियामी की तबियत बिगड़ने से उपचार के लिए बड़ी संकट बनी हुई थी , इस बीच कोसा पति कुडियाम ने अपनी पत्नी जोगी पोडियामी की जान बचाने के लिए गुहार लगाई.

वही स्थानीय युवकों ने उफनते नाले को पार कराया . युवकों ने रस्सी के सहारे खाट में लादकर नाला पार कराया कराया जहां उसे 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज जारी है. वहीं बुनियादी सुविधाओं की बात करें तो आज भी कई ऐसे इलाके हैं जहां बरसात में स्थिति निर्मित होती है पिछले दिनों 22 जुलाई को उसूर के नंबी इलाके में सीआरपीएफ के जवानों ने भी ड्रम की मदद से प्रसव के बाद महिला को नदी पार कराया था।

### तांदुला रिसोर्ट बनने के बाद पहली बार जिले के पत्रकारों से मुखातिब हुए संचालक

# बालोद की पूरे देश में बनेगी पहचान : चौहान

■ बालोद की पहचान को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी : राजेंद्र अरोरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 2 सितम्बर।** बालोद के तांदुला डैम में बने द इंपिरियन लेक रिसॉर्ट (तांदुला रिसोर्ट) के संचालक अजय चौहान रिसोर्ट बनने के बाद पहली बार बालोद के पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने तांदुला रिसोर्ट को न केवल अपना सपना बताया, बल्कि कहा कि पूरे देश में बालोद की पहचान बनने लगी है। दूर-दूर से लोग बालोद रिसोर्ट की जानकारी लेते हैं। निश्चित रूप से इस रिसोर्ट के बनने के बाद कई तरह के फायदे जिलेवासियों को मिल रहे हैं। जिला प्रशासन सहित यहां के सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है, आगे भी हम सब मिलकर इसका विकास करेंगे और बालोद का नाम रोशन करेंगे।

बालोद में चौहान ग्रुप द्वारा तैयार किए गए द एंपीरियन लेक रिसॉर्ट (तांदुला रिसोर्ट) में पत्रकारों से चर्चा के दौरान रिसोर्ट के संचालक व प्रसिद्ध बिल्डर, चौहान ग्रुप के प्रमुख अजय चौहान ने अनेक जानकारियां दी। बालोद में रिसोर्ट बनाने के पीछे की बातों को बताते हुए कहा कि बालोद से मेरा पुराना नाता है। मेरे व्यवसाय की शुरुआत भी बालोद जिले से हुई और जब जिला प्रशासन द्वारा बालोद के तांदुला डैम में रिसोर्ट बनाने का टेंडर निकला तो मुझे लगा कि बालोद ने मुझे जो दिया है उसे लौटने का इससे अच्छा अवसर नहीं आएगा और फिर मैंने इसमें रुचि ली। मुझे बड़ी खुशी है कि बालोद में एक ऐसा रिसोर्ट चौहान ग्रुप के द्वारा तैयार किया गया है जो पूरे प्रदेश में कहीं नहीं है। इस रिसोर्ट से बालोद जिले को एक नई पहचान तो मिली ही है साथ ही आसपास के लोगों को रोजगार भी मिला है। यहां काम करने वाले लोग आसपास के गांव के ही हैं। अजय चौहान ने बताया कि इस रिसोर्ट में पर्यटकों के लिए नित नए प्रयोग किए जा रहे हैं ताकि यह एक पूर्ण रूप से पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित हो सके। बहुत ही सादगी पूर्ण अंदाज में उन्होंने कहा कि यह रिजॉर्ट बालोद जिले का ही है। यह रिजॉर्ट साफ सुथरा रहे, निरंतर विकास करता रहे इसकी जिम्मेदारी हम सबकी है। भिलाई से अजय चौहान के साथ पहुंचे भिलाई नगर निगम के पूर्व सभापति व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र अरोरा ने कहा कि तांदुला रिसोर्ट में आगे और लोगों को सुविधा देने की सोच इस रिसोर्ट के संचालक अजय चौहान की है। उन्होंने बताया कि इस रिपोर्ट में हेलीकॉप्टर भी आएगा, जिसमें बहुत कम शुल्क में बालोद जिले वासियों को हेलीकॉप्टर राइड की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी तो यह योजना है कि बड़े शहरों की तर्ज पर हेलीकॉप्टर में शादियां भी हो।



#### सरकारी स्कूल की परिस्थितियों से अवगत हूं

चर्चा में सरकारी स्कूलों के बच्चों को निशुल्क वाटर पार्क की सुविधा देने के बारे में अजय चौहान ने कहा कि सरकारी स्कूलों की परिस्थितियों से मैं अवगत हूं। बहुत गरीब परिस्थिति के बच्चे भी सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं। कई बच्चों का तो वाटर पार्क एक सपना ही रह सकता है। इसी को देखते हुए हमने यह तय किया कि बालोद जिले के सरकारी स्कूलों के छठवीं से 12 वीं तक के बच्चों को निशुल्क वाटर पार्क की सुविधा देंगे, ताकि उन बच्चों का भी सपना पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी व स्कूलों के प्रमुखों से चर्चा हो चुकी है। सब लोगों ने इस पहल का स्वागत भी किया है।

#### सर्व सुविधायुक्त बनाने की कोशिश

अजय चौहान ने बताया कि इस रिसोर्ट को जब हमने शुरू किया था तो यह बिल्कुल भी तय नहीं था कि किस तरह की सुविधा हम दे पाएंगे, लेकिन जैसे-जैसे यह काम आगे बढ़ता गया मन में लोगों को अधिक से अधिक सुविधा देने का ख्याल आया और आज यह रिजॉर्ट सर्व सुविधा युक्त बन चुका है। लोगों के रुकने के लिए कॉटेज भी हैं, बोटिंग की सुविधा भी है। बच्चों के लिए बाइक राइड भी है और अब वाटर पार्क भी शुरू हो चुका है, आगे शादी विवाह के लिए यहां उपयुक्त जगह मिल सके ऐसी तैयारी चल रही है। मुझे लगता है कि जिले में पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ेगी। लगातार हम बालोदवासियों से संपर्क में रहते हैं कि और किस तरह की सुविधा दी जाए। हमारी कोशिश है कि यहां आने वाले पर्यटकों को गोवा जैसा आनंद मिले। उन्होंने कहा उनकी सोच हैं कि तांदुला रिसोर्ट में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य जगहों से भी पर्यटक आए और उन्हें घर जैसा वातावरण यहां पर मिलेगा। उन्होंने कहा पहले रिसॉर्ट सिर्फ़अमीर लोगों के लिए ही होते थे, लेकिन यहां आम आदमी भी रिसॉर्ट में रुक रहे हैं।

## एक नजर

### भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू



**छुरा, 2 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दो सितम्बर से भाजपा की सदस्यता अभियान आरंभ हो रहा है। नगर में स्थित विश्राम गृह में शुक्रवार को बैठक लिया गया था सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की जानकारियों से अवगत कराया गया और अधिक से अधिक भाजपा के सदस्य बनाने कहा गया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू कहा दो सितम्बर से सदस्यता अभियान में सभी सहयोग करें। उन्होंने कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठनात्मक दृष्टि से सदस्यता अभियान हमें दो माह में पूर्ण करना है।दो सितंबर को प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। दो सितंबर को प्रधानमंत्री दिल्ली से सदस्यता ग्रहण कर अभियान शुरू करेंगे। अगले दिन तीन सितंबर को प्रदेश और चार सितंबर को जिला मुख्यालयों में और फिर मंडल मुख्यालयों तक समारोह पूर्वक सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। शक्ति केन्द्र संयोजक, सह संयोजक व सदस्यता सहयोगी मिलकर अभियान की संरचना पूर्ण करेंगे। राजेश साहू ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को भी सदस्यता का लक्ष्य दिया गया है ताकि सभी कार्यकर्ताओं को 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। कागजी और आनलाइन सदस्यता का अपडेट केन्द्र तक जाएगा इसलिए सदस्यता फ़र्म और आनलाइन डाटा अपडेट रखना है। साहू ने सदस्यता अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया। इस अवसर पर भाजपा के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ घर-घर पहुंचेंगे भाजपा पदाधिकारी, सभी को दिया गया लक्ष्य

# निर्माण कार्यों के लिए दानदाताओं का लगा तांता

### मानस मंदिर में हो रहा सृजनात्मक कार्य, धार्मिक आयोजनों में उमड़ रही अंचलवासियों की भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 2 सितम्बर।** नगर के हृदयस्थल श्रीरामजानकी मानस मंदिर धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामरिक महत्व का केंद्र है। दूरदराज से श्रद्धालुगण प्रभु दर्शन हेतु मंदिर पहुंचते हैं। मंदिर में 1959 से मानस यज्ञ लगातार आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भारतवर्ष के बड़े-बड़े विद्वानगण कथावाचन हेतु आते हैं। धार्मिक अवसरों पर मंदिर प्रांगण में हवन पूजन एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिनमें प्रमुख रूप से हिन्दू नव वर्ष, भगवान रामचंद्रजी का प्रागट्य उत्सव, रामनवमी, रथयात्रा, कृष्ण जन्माष्टमी एवं महाशिवरात्रि तक चलने वाला नव दिवसीय मन्मानस यज्ञ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मन्मानस यज्ञ प्रचार समिति में छुरा नगर ही नहीं वरन् सैंकड़ों गांव के हजारों श्रद्धालु, संत महात्मा सदस्य के रूप में जुड़े हुए हैं। लगभग 71 वर्षों से यह यज्ञ बड़े भक्ति भाव के साथ आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में मानस मंदिर में सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण कार्य लगातार हो रहा है। जिसके लिए नगर के व्यापारीगण, अधिकारी-कर्मचारीगण, दूर दराज के श्रद्धालु दान देने हेतु आगे आ रहे हैं। फलस्वरुप बैकुंठ धाम का प्रवेश द्वार जिस पर जय विजय के पहरा देने का दृश्य निर्मित हुआ है। राम जानकी मंदिर में शंख, पदम धारण किए हुए हरि विष्णु के दशावतार को रूप देता हुआ भव्य काष्ठशिल्प से सुसज्जित दरवाजा निर्माण किया गया है। मंदिर के परिक्रमा स्थल में मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र जी के अवतरण से लेकर बाल लीला, शिक्षा ग्रहण, सीता स्वयंवर, पावन श्रीराम दरबार, लंका दहन सहित रामचंद्र जी के संपूर्ण जीवन चरित्र की झांकी को दीवाल पर उकेरी गई है। अयोध्या धाम में विराजे रामलला की भी लाइटिंग रूप में झांकी यज्ञस्थल में विराजित की गई है। इसके अतिरिक्त गजद्वार, मयूर द्वार, हनुमंतलला के संजीवनी बूटी हेतु पवनवेग का दृश्य एवं प्रांगण को चेकर टाइल्स से सुसज्जित किया गया है। मंदिर में प्रतिदिन भजन कीर्तन हेतु साउंड सिस्टम प्रदान किया गया है। कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर लड्डू गोपाल की चलित मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा भी किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के भव्य आयोजन उपरांत मन्मानस यज्ञ समिति एवं मंदिर जीर्णोद्धार उपसमिति के संयुक्त तत्वाधान में आभार भोज का आयोजन किया गया जिसमें सभी दानदाताओं को आमंत्रित किया गया। आयोजन समिति की ओर से गोपाल सोनी ने पूरे वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। सोनी द्वारा मंदिर में आगामी निर्माण कार्यों की रूपरेखा एवं जानकारी प्रस्तुत की गई। मंदिर में अब तक साढ़े छः लाख का सृजनात्मक कार्य हो चुका है।आगामी कार्ययोजना में सीता रसोई कक्ष निर्माण की आधारशिला रखने का प्रस्ताव पारित हुआ। इस हेतु नगर के धर्म प्रेमी व्यवसायी विजय गुप्ता एवं परिवार द्वारा डेढ़ लाख रुपए की राशि दान स्वरूप देने की घोषणा हुई। आए हुए श्रद्धालुओं ने प्रत्येक कार्यक्रम हेतु यथासंभव सहयोग राशि देने का संकल्प लिया। अलग-अलग धार्मिक आयोजनो हेतु दानदाताओं का वट वृक्ष परिवार के नाम से अलग अलग समिति बनाकर सुव्यवस्थित तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने का रुपरेखा बनाया गया। इस समिति में कोई भी सदस्यता ग्रहण कर धर्म के महायज्ञ में आहुति दे सकते हैं। इस तरह का यह कार्यक्रम नगर में पहली बार आयोजित हुआ जिससे जुड़ने के लिए धर्म परायण श्रद्धालुओं का विशेष जुड़ाव देखने को मिल रहा है। मानस मंदिर के सर्वराकार ओंकार शाह ने धार्मिक आयोजनों में तन मन धन से सहयोग देने हेतु सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया एवं अंचलवासियो को धर्मार्थ कार्यों में बढ़ चढ़कर सहयोग देने हेतु प्रेरित किया।

# अभाविप की नवीन कार्यकारिणी गठित,राहुल बने नगर मंत्री



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 2 सितम्बर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जो कि विश्व के सबसे बड़ा छात्र संगठन है, सदैव छात्रहित तथा राष्ट्रहित के मुद्दो पर कार्य करता है, अभाविप छुरा इकाई द्वारा भी लगातार शैक्षणिक परिसरों के अलावा समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु अनेक रचनात्मक कार्यक्रम तथा आंदोलन को सम्पन्न किया गया है, प्रत्येक वर्ष अभाविप की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाता है, जिसके तहत अभाविप छुरा इकाई की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमे राहुल सिन्हा को छुरा का नगर मंत्री घोषित किया गया है।उक्त कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला समरसता प्रमुख मनीष सारडा, खंड कार्यवाह महेंद्र द्विवेदी, विहिप विभाग अर्चक पुरोहित प्रमुख मेशनंदन पांडेय, अभाविप सेवा कार्य प्रदेश सहसंयोजक भिषेक पांडेय, तथा जिला संयोजक रंजन यादव की गरिमामयी उपस्थिति के सम्पन्न हुई। सहमंत्री निखिल कोठारी, मुकेश यादव, यामिनी सिन्हा, यशु पांडेय, महाविद्यालय प्रमुख मिनल पारकर सहप्रमुख लोकेश सोनवानी, विद्यालय प्रमुख वरुण सोनी सहप्रमुख मुस्कान देवांगन, सोशल मीडिया प्रमुख सोनू यादव, सहप्रमुख शिवम सोनी, राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख ट्विंकल देवांगन, सहप्रमुख तुषार नेताम, एसएफएस प्रमुख सुजल यादव, सहप्रमुख शुभम साहू, अरुण शर्मा, एसएफडी प्रमुख लोकेश्वरी यादव, सहप्रमुख अभिषेक नेताम, क्रीड़ा प्रमुख हितेश निषाद सहप्रमुख राजेश नागेश, नगर छात्रा प्रमुख पायल पांडेय को बनाया गया जिस पर पूर्व जिला संयोजक अमन चंद्राकर, भोलेशंकर जायसवाल, लीलाधर ध्रुव, पार्षद थानसिंह निषाद एवं अनेक लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### तीज महोत्सव में पीले रंग की पोशाक धारण कर पहुंची महिलाओं ने अनेक कार्यक्रमों में प्रतिभागी बनकर बिखेरा जलवा

# ऐसे आयोजनों से समाज एक सूत्र में बंधकर होगा सशक्त : साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भखारा, 2 सितम्बर।** जिला साहू संघ धमतरी, तहसील साहू संघ भखारा एवं परिक्षेत्र साहू संघ त्रिकुटीधाम कोसमर्रा के सयुंक्त तत्वाधान में रविवार को तीज महोत्सव का आयोजन सिहाद खेल मैदान परिक्षेत्र कोसमर्रा में किया गया। साहू समाज द्वारा सामाजिक एकता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति कला को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। इसी रचनात्मक कार्य के क्रम में पूरे धमतरी जिले के विभिन्न तहसील शहर धमतरी, ग्रामीण धमतरी, कुरुद, मगरलोड, भखारा, नगरी एवं समस्त परिक्षेत्र, ग्रामीण साहू समाज की सभी महिला पदाधिकारी सामाजिक माताओं- बहनों ने पीले रंग की साड़ी की वेशभूषा के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अनेक कार्यक्रम सामूहिक एवं एकल नृत्य, प्रहसन, उद्बोधन में प्रतिभागी बनकर अपनी सामाजिक एकता और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कला को बढ़ावा, महिलाओं में छुपी प्रतिभाओं, नेतृत्व क्षमता को निखारने के साथ ही समाज के रचनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेकर सामाजिक विकृतियों को दूर करने तीज महोत्सव का शानदार आयोजन किये।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा के पूजा आरती एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ। कार्यक्रम के अतिथियों के साथ ही साहू समाज जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से एक साथ जिलेभर की माताएं-बहनें एक दूसरे से परिचित होती हैं। एक दूसरे के विचारों से अवगत होते हैं। सकारात्मक सोच के साथ समाज में नेतृत्व करने ललक बढ़ती है। महिलाएं सशक्त होती हैं और उन्हें अपने विषय में सोचने का समय मिलता है। कुरीतियों को महिलाएं ही दूर कर सकती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति एवं समाज में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाते हुए समाज को सशक्त बनाना एवं एकता के सूत्र में बांधना है।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण परिक्षेत्र साहू संघ त्रिकुटीधाम कोसमर्रा के अध्यक्ष रामचंद्र साहू, सामाजिक संदेश जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष केकती साहू, संगठन सचिव मंजूषा साहू, भखारा तहसील उपाध्यक्ष दमयंतीन साहू एवं आभार प्रदर्शन तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू, कुरूद जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, धमतरी जिला उपाध्यक्ष तोरणलाल साहू, अमरदीप साहू, कोषाध्यक्ष गणेशराम साहू, मीलूराम साहू, केशवसाहू, भागेश हिरवानी, गुपेश साहू, मनोज साहू, गोविन्द साहू, चंद्रकला साहू, देहुति साहू, डॉ. सुशीला साहू, हेमलता साहू, किरण सोनबेर, कार्यकारिणी सदस्य तहसील अध्यक्षगण गोपाल साहू, राधेश्याम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष गिरधारी साहू, नीलमणि साहू, होमेंद्र साहू, जीतेन्द्र साहू, प्रहलाद साहू, रामचंद्र साहू, मदन, राजेंद्र, नारायण, डेरहुराम, हंसराज, ललित चौधरी, नारद, निरंजन, पोषण, कमलेश, रोहित, पुनाराम, राजेंद्र, खम्मन, उपेन्द्र साहू असमत, यमुना, दीपेश्वरी, पामीन, रंजना, ओमकुमारी, जानकी, दुर्गा, ललिता, आरती, ज्योति, विजयलक्ष्मी गंजीर, रमशिला साहू, पूर्णिमा साहू, संतकुमारी, चमेली, केसर, शारदा, कृष्णाबाई, केवल, कोमल, राजू साहू सहित बड़ी संख्या में जिला, तहसील, परिक्षेत्र, ग्रामीण के मातृशक्तियां, पदाधिकारीगण एवं सामाजिकजन उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कालेज परिसर में चलाया स्वच्छता और जागरूकता अभियान



**भखारा, 2 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में प्राचार्य डॉ संजय शर्मा के मार्गदर्शन में रा.से.यो कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे की उपस्थिति में रा.से.यो. इकाई द्वारा शनिवार को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधि के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें स्वयंसेवकों को 5 दल मे विभाजित कर दल नायक का चुनाव किया गया।अरावली दल के दलनायक डिगेश्वर (बीए प्रथम), नीलगिरी दल के दलनायक कु.सत्यभामा सेन (बीए प्रथम), शिवालिक दल के दलनायक कु.तृषा (बीएससी प्रथम), उदयगिरि दल के दलनायक कु.दामिनी टंडन तथा हिमालय दल के दलनायककु .लेखनी (बीएससी द्वद्य) को बनाया गया। महाविद्यालय परिसर एवम् महाविद्यालय के नए कक्षाओं की साफ़सफ़ई की गई, महाविद्यालय के गार्डन के खरपतवारों की निंदाई की गई एवं अवांछनीय पेड़ पौधों की वैज्ञानिक तरीकों से कटाई छटाई की गई। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत लगाए गए पौधो को खाद देकर एवं मिट्टी चढ़ाकर पोषित किया गया। धमतरी ज़िला मे जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल जगार अभियानएवम् एनएसएस नियमित गतिविधि मे किए जाने वाले श्रम की महत्ता पर स्वयंसेवकों को अभिमुखित किया गया।स्वच्छता अभियान मे रा.से.यो. इकाई के 91 स्वयंसेवकों ने उत्सुकता से भाग लिए। नियमित गतिविधि के दौरान वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने नवीन स्वयंसेवकों को गाइड किए। साफ सफाई के पश्चात स्वयंसेवकों का अभिमुखीकरण किया गया एवम् उन्हे आगामी महीने मे आयोजित वाले गतिविधि एवम् सात दिवसीय विशेष शिविर से अवगत कराया गया। एनएसएस बी एवम् सी प्रमाण पत्र परीक्षा मे अर्हता के लिए निर्धारित मापदंडों से अवगत कराया गया। गणतंत्र दिवस परेड हेतु स्वयंसेवकों के चयन के चयन के लिए आयोजित की जाने वाली शिविर का विस्तार से जानकारी दी गई। वरिष्ठ स्वयंसेवकों द्वारा नवीन स्वयंसेवकों को एनएसएस क्लैप, एनएसएस गीत सिखाया गया। प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकगण द्वारा एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय मे चलाए जा रहे गतिविधि की प्रशंसा की गई।नियमित गतिविधि मे वरिष्ठ स्वयंसेवक पुष्पेंद्र कुमार, राहुल कुमार, ख्याति साहू, तेजराम, वैष्णवी, चेतनानन्द साहू, रूद्रेश कुमार, त्रिवेंद्र, ओमप्रकाश साहू, अरुण कुमार सहित सभी एनएसएस वॉलंटियर उपस्थित रहे।

### सेमरा(बी) में अखण्ड रामधुनी यज्ञ एवं स्पर्धा 3 से

**भखारा, 2 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम सेमरा (भखारा) में विगत 76 वर्षों की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी 77वीं सोपान तय करने तीज पर्व के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पांच दिवसीय अखण्ड रामधुनी यज्ञ एवं प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 7 सितंबर तक किया गया है। मंगलवार से बस स्टैंड चौक में प्रारंभ होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के ख्यातिनाम 22 रामधुनी मंडलियों को रामकथा गायन एवं झांकी के लिए आमंत्रित कर प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी।जिसमें प्रतिदिन अलग अलग मण्डलियाँ अपने निर्धारित समय में संगीतमय श्रीराम कथा की प्रस्तुति देंगे।प्रतियोगिता में गायन और झांकी मंडलियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार की व्यवस्था किया गया है।जिसमें दोनों के लिए प्रथम 2100/-, द्वितीय 1500/-, तृतीय 1001/- एवं चतुर्थ स्थान पर आने वाले मंडलियों के लिए 701/- रुपये दान दाताओं की ओर से प्रदान किया जाएगा।इसके अलावा प्रत्येक मंडलियों को प्रोत्साहन राशि अलग से दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम विकास समिति के सरंक्षक सीताराम साहू, माधव राम साहू, अध्यक्ष राजेश सिन्हा, उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, सचिव मोती विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष पवन ध्रुव, ग्राम पटेल राजेद्र साहू, यज्ञ समिति के अध्यक्ष कृष्णकुमार साहू, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, लखन सिन्हा, कुमार साहू, मंथीर निषाद, सहित सरपंच, पंचगण जुटे हुए हैं।




### 88 लीटर महुआ शराब के साथ 3400 किलोग्राम महुआ लाहन को जब्त कर किया गया नष्ट



**बलौदाबाजार, 2 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी एल के गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा 31 अगस्त को बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम तुरमा में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी के रिहायशी मकान की तलाशी लेने एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरीकेन (क्षमता 15.00 ली.) में 14.00 ली. एवं दो नग स्प्राईट की बोतल (क्षमता 2-2 ली) में 4.00 ली. कुल जुमला 18.00 बल्क लीटर हाथभट्ठी मुहआ मदिरा जब्त किया गया। इसी तरह आज 1 सितंबर को भारी मात्रा में अवैध मदिरा की सूचना पर जिला आबकारी दल द्वारा वृत्त- कसडोल के ग्राम घटमड़वा डेरा में दबिश दी गई। मौके पर 70 ली. महुआ मदिरा एवं महुआ शराब निर्माण के लिये तैयार 85 बोरियों में रखे कुल 3400 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया तथा सैंपल लेकर गवाहों के समक्ष नष्टीकरण किया गया। उक्त कार्वाई में आरोपियों के खिलाफआबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2).59 (क) के तहत अचौर्यनयन के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

### नशामुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर करने किया जाएगा सामूहिक प्रयास

**बलौदाबाजार, 2 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नशा मुक्त मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में युवाओं को नशे से दूर करने, सकारात्मक दिशा देने, मानसिक स्वास्थ्य सुधार हेतु नई रणनीति बनाई जा रही है. इसके लिए आज कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष बैठक संपन्न हुई.बैठक का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में की गई। इस बैठक का उद्देश्य युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने सहित, नशे से दूर करने करते हुए सकारात्मक दिशा प्रदान करना था। इसके लिए आने वाले दिनों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में बलौदाबाजार भाटापारा जिले में नशे से उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभाव एवं परिवारों की दशा बिगड़ने पर विशेष चर्चा की गई. कलेक्टर दीपक सोनी ने नशा से बढ़ते मानसिक प्रभावित मरीजों की संख्या पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की है। उन्होंने आगे कहा की नशा जो समाज के हर एक वर्ग को नुकसान पहुंचा रहा है जिसमें बच्चे युवा वर्ग एवं महिला पुरुष भी अछुता नही है. नशा करने से मानसिक स्वास्थ्य पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है जो समाज को खोखला करता है.




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26